दैनिक

प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

वर्षः- 04
अंकः-175
मुरादाबाद
(Tuesday)
15 October 2024
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## अस्पताल-शोरूम के बाद उपद्रवियों ने कई घर फूंके, बहराइच में इंटरनेट बंद;हिंसा बढ़ी

बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। अब ग्रामीणों क्षेत्रों में भी हिंसा बढ़ गई है। इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। सोमवार को उपद्रवियों ने एक शोरूम और अस्पताल में तोड़फोड़ और आगजनी की। कई घर भी जला दिए।उत्तर प्रदेश सीएमओ ने जानकारी दी है कि सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गृह सचिव संजीव गुप्ता और एडीजी कानून व्यवस्था मौके पर पहुंचे हैं। 30 उपद्रवियों को हिरासत में लिया गया। बहराइच में विरोध प्रदर्शन हिंसक होने पर पुलिस ने




आंसू गैस और लाठीचार्ज का सहारा लिया। महासी के महाराजगंज इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान गोली लगने से एक युवक की मौत पर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।बहराइच की घटना पर बहराइच की एसपी वृंदा शुक्ला कहती हैं कि हम पूरी स्थिति पर नियंत्रण पा रहे हैं। हमने अपनी पूरी ताकत लगा दी है। हम उन सभी उपद्रवियों को तितर-बितर करने की कोशिश कर रहे हैं जो परेशानी पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। स्थिति नियंत्रण में है। बहराइच की डीएम मोनिका रानी ने कहा कि हम स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश कर रहे हैं... यह दिल दहला देने वाली और दर्दनाक घटना है बहराइच हिंसा पर अयोध्या से समाजवादी पार्टी के सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा कि 卐मैं बहराइच के निवासियों और समाज के सभी वर्गों से अपील करता हूं कि वे वहां शांति बहाल करने में योगदान दें। यह दिल दहला देने वाली और दर्दनाक घटना है। अगर पुलिस की तैयारी ठीक होती तो ऐसी घटना नहीं होती। प्रदेश में कानून-व्यवस्था और लोगों के बीच भाईचारा बनाए रखना सीएम और प्रशासन की जिम्मेदारी है। विधायक और पुलिस प्रशासन के मान मनौव्वल के बाद परिवार दाह संस्कार के लिए मान गए हैं। उधर, बहराइच में मौके पर एडीजी लॉ एंड ऑर्डर अमिताभ यश पहुंच गए हैं। हिंसा प्रभावित क्षेत्र में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मामले पर बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।बहराइच मामले में नेताओं ने भी जनता से शांति बनाने की अपील की है।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने एक्स पर जनता से कानून अपने हाथ में न लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। जनता से मेरी करबद्ध अपील है कि कृपया कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें।बहराइच जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी हिंसा बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, चंदपैया और कबड़ियापुरवा गांव में कई घर जलाए गए हैं। तीस उपद्रवी हिरासत में लिए गए हैं। सीएम योगी के निर्देश पर एसीएस होम एवं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मौके पर पहुंचे हैं। छह कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई हैं।बहराइच में हुई सांप्रदायिक हिंसा में युवक की हत्या के बाद देर रात मुख्य आरोपी सलमान समेत कई लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई। सूत्रों के अनुसार, 20 से 25 लोगों के हिरासत में लिया गया है। उधर दूसरी ओर पूजा कमेटी देर रात तक इस बात पर अड़ी रही कि आरोपियों की गिरफ्तारी हो। आरोपियों को फांसी देने के नारे देर रात सड़कों पर गूंजते रहे। युवक की मौत से भड़का गुस्सा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदर्शन और हिंसक होता जा रहा है। बाइक के शोरूम में आग लगा दी गई है। कारों को भी फूंका गया है। लोग लाठी-डंडे लेकर सड़कों पर उतर गए हैं। उधर, परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया है। हालांकि पुलिस ने मृतक के परिजनों को समझाया है। लेकिन अभी तक बात नहीं बनी है। परिजन कड़ी कार्रवाई की मांग पर अड़े हैं।उत्तर प्रदेश के बहराइच में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल ने बड़ा रूप ले लिया है। सोमवार सुबह एक बार फिर से बहराइच में आगजनी और तोड़फोड़ की गई। कई दुकानों और घरों में तोड़फोड़ की गई। बाइक के शोरूम और एक अस्पताल में आग लगा दी गई है। वाहनों को आग के हवाले कर दिया गया है। दवाइयों को जला दिया गया है। इसके अलावा, ग्रामीण क्षेत्रों में भी हिंसा बढ़ गई है। सूत्रों के मुताबिक, चंदपैया और कबड़ियापुरवा गांव में भी आगजनी हुई है। कई घर जलाए गए हैं। वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया गया है। तीस उपद्रवी हिरासत में लिए गए हैं। सीएम योगी के निर्देश पर एसीएस होम एवं एडीजी लॉ एंड ऑर्डर मौके पर पहुंचे हैं। छह कंपनी पीएसी बहराइच भेजी गई हैं।उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान हुए बवाल के बाद हिंसा लगातार बढ़ती जा रही है। अब ग्रामीणों क्षेत्रों में भी हिंसा बढ़ गई है। इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। सोमवार की सुबह उपद्रवियों ने जमकर हंगामा किया। बहराइच में एक शोरूम और अस्पताल में तोड़फोड़ और आगजनी की। इसके बाद बहराइच के चंदपैया और कबड़ियापुरवा गांव में आगजनी की घटना सामने आई है। कई घर जला दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### बहराइच में बवाल से लिया सबक-वाराणसी में मूर्ति विसर्जन को लेकर हाई अलर्ट, चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगी पुलिस

बहराइच में मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल के बाद काशी में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। जिले के देवनाथपुरा के गोल्डन स्पोर्टिंग क्लब की प्रतिमा के विसर्जन के रूट पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। बहराइच में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बवाल के बाद कमिश्नरेट में हाई अलर्ट घोषित किया गया है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने रविवार की रात कमिश्नरेट के तीनों जोन के डीसीपी को कहा कि दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। रूट पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ ही रूफ टॉप फोर्स तैनात की जाए। निगरानी और सतर्कता को लेकर लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मी बख्शे नहीं जाएंगे।देवनाथपुरा स्थित गोल्डन स्पोर्टिंग क्लब की दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन सोमवार को मैदागिन कुंड में किया जाएगा। देवनाथपुरा की दुर्गा प्रतिमा मिश्रित आबादी वाले संकरे इलाकों से गुजरते हुए मैदागिन कुंड तक पहुंचती है। इसे देखते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तीन एसीपी, पांच थानाध्यक्ष, 250 पुलिस कर्मी और एक कंपनी पीएसी के जवान सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के रूट पर रूफ टॉप फोर्स तैनात रहेगी। इसके अलावा मॉनिटरिंग के लिए अपर पुलिस आयुक्त ( कानून एवं व्यवस्था ) डॉ. एस चनप्पा के नेतृत्व में डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल और एडीसीपी काशी जोन नीतू मौजूद रहेंगी।

## बहराइच हिंसाः प्रियंका गांधी की अपील- कानून अपने हाथ में न ले जनता, डिप्टी सीएम बोले - सख्त कार्रवाई करेंगे

बहराइच में लगातार बढ़ रही सांप्रदायिक हिंसा को लेकर नेताओं ने जनता से शांति बनाए रखने की अपील की है। प्रियंका गांधी ने एक्स पर संदेश दिया है।बहराइच में प्रतिमा विसर्जन के जुलूस के दौरान हुई युवक की हत्या को लेकर बवाल बढ़ता जा रहा है। आक्रोशित भीड़ ने तोड़फोड़ और आगजनी की है। पुलिस प्रशासन मामले को नियंत्रित करने के प्रयास कर रहा है।इस बीच नेताओं ने भी जनता से शांति बनाने की अपील की है। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने एक्स पर जनता से कानून अपने हाथ में न लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बहराइच, उत्तर प्रदेश में हो रही हिंसा और प्रशासन के निष्क्रिय होने की खबरें अत्यंत दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री जी एवं राज्य प्रशासन से अपील करती हूं कि त्वरित एक्शन लेते हुए, जनता को विश्वास में लें और हिंसा रोकें। दोषियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई हो। जनता से मेरी करबद्ध अपील है कि कृपया



कानून अपने हाथ में न लें और शांति बनाए रखें।केशव बोले- दंगाइयों को संरक्षण देने वाले फिर हो गए सक्रिय- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी मामले पर बयान देते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश की शांति और सौहार्द बिगाड़ने की कोई भी साजिश सफल नहीं होगी। दंगाइयों को संरक्षण देने वाले एक बार फिर सक्रिय हो रहे हैं, लेकिन हमें सतर्क और सजग रहना होगा। प्रदेश के उज्जवल भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा। दोषियों को कानून के दायरे में लाकर सख्त सजा दी जाएगी और पीड़ितों को पूरा न्याय मिलेगा। सभी नागरिकों से शांति और धैर्य बनाए रखने की अपील करता हूं।बहराइच में हुए बवाल पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव सत्यनारायण पटेल ने कहा जहां दंगा होता है, वहां पर जिला प्रशासन व सरकार फेल होती है। सभी मामलों में देश व प्रदेश की सरकार फेल हो चुकी है। राज धर्म का मतलब यह है कि हमारी प्रजा स्वतंत्र रहे, आनंदित रहे, संविधान और कानून का पालन हो और पालन कराया जाए। यह सरकार की नैतिक जिम्मेदारी होती है और उसमें यह सरकार विफल रही है। ये सरकार तो केवल जनता को डरा रही है कि बुलडोजर चला देंगे। कानून और नियम की परिधि में जो आए उस पर कार्रवाई होनी चाहिए। राज्य सरकार हर मामले में विफल साबित हो रही है। कांग्रेस मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र में 16 अक्तूबर को संविधान बचाओ संकल्प सम्मेलन आयोजित कर रही है। कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव इसी की तैयारी की समीक्षा करने पहुंचे हैं।

## रुहेलखंड विश्वविद्यालयः 22वें दीक्षांत समारोह पर राज्यपाल ने दी बड़ी सौगात, 94 मेधावियों को मिले स्वर्ण पदक

रुहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली को अपने 22वें दीक्षांत समारोह पर बड़ी सौगात मिली है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सोमवार को डिजिटल लर्निंग हब, इंटरनेशनल ट्रांजिट छात्रावास और इन्क्यूबेटिंग पायलट फैसिलिटी सेंटर का शिलान्यास किया। इसके बाद मेधावियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए। महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय (MJPRU) बरेली सोमवार को अपना 22वां दीक्षांत समारोह मना रहा है। अटल सभागार में आयोजित समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पहुंचीं हैं। कुलपति प्रो. केपी सिंह समेत विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। दीक्षांत समारोह के शुभारंभ से पहले राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को बड़ी सौगात दी। राज्यपाल ने डिजिटल लर्निंग हब, इंटरनेशनल ट्रांजिट छात्रावास और इन्क्यूबेटिंग पायलट फैसिलिटी सेंटर का शिलान्यास किया। इसके बाद वह सभागार में पहुंचीं। दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल 94 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक देंगी। 187 शोधार्थियों को शोध उपाधि प्रदान की जाएगी। इससे पूर्व वीआईपी अतिथियों को एक व



विद्यार्थियों को तीन नंबर गेट से प्रवेश दिया गया। दीक्षांत समारोह की शुरुआत में निकलने वाली शोभायात्रा निकाली गई। राज्यपाल की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम - राज्यपाल आनंदी बेन पटेल बरेली कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। तीन सौ पुलिसकर्मियों समेत कई अधिकारी ड्यूटी में लगाए गए हैं। एसपी सिटी मानुष पारीक और एसपी उत्तरी मुकेश चंद्र मिश्रा ने विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा ड्यूटी में लगाए गए पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए ड्यूटी करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी ने बताया कि दो एएसपी, सात सीओ समेत करीब तीन सौ पुलिसकर्मियों को ड्यूटी में लगाया गया है। इन्हें एयरपोर्ट, रुहेलखंड विवि व रास्ते के प्वाइंट पर तैनाती दी गई। उन्होंने बताया कि राज्यपाल के आने और जाने के वक्त उनका काफिला गुजरने के दौरान यातायात को कुछ देर के लिए रोका जाएगा। पीलीभीत बाइपास पर बाकी समय यातायात यथावत चलता रहेगा।

## हिरासत में मौतः परिजनों से मिले कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सपा ने दो लाख रुपये की मदद राशि दी

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सोमवार को अमन गौतम के परिजनों से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने सरकार से पीड़ित परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजे की मांग व निष्पक्ष जांच की मांग की।लखनऊ में पुलिस हिरासत में मारे गए युवक अमन गौतम के परिजनों से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मुलाकात की। उन्होंने पीड़ित परिवार के लिए सरकार से एक करोड़ रुपये मुआवजे, सरकारी नौकरी और मामले की निष्पक्ष जांच करवाए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ 302 का मुकदमा दर्ज किया जाए।वहीं, सपा सांसद आरके चौधरी और अनुराग भदौरिया ने भी परिजनों से मुलाकात की और उन्हें मदद की राशि के तौर पर दो लाख रुपये का चेक दिया।मौत पर जाम-प्रदर्शन, चार पुलिसवालों पर गैर इरादतन हत्या का केस- पुलिस हिरासत में अमन गौतम ( 24 ) की मौत के मामले में शनिवार शाम शुरू हुआ जाम-प्रदर्शन देर रात तक चला। समझाने पर भी परिजन व इलाकाई लोग नहीं माने तो देर रात पुलिस ने लाठियां भांजकर सभी को भगाया।घटना से गुस्साए परिजनों ने मोर्चरी से शव ले जाने से ही मना कर दिया। आनन-फानन पुलिस ने पीआरवी के



चार पुलिसवालों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया। आश्वासन दिया कि सख्त कार्रवाई करेंगे। मांगें शासन-प्रशासन तक पहुंचाने का भरोसा भी दिया। तब जाकर परिजन रविवार शाम करीब पांच बजे शव पोस्टमार्टम के लिए लेकर गए। उनके दोस्त सोनू को उठा ले आई थी। जीप में बैठाने के चंद मिनट बाद ही अमन की हालत बिगड़ गई। बेजान हालत में उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। अफसर समझाने का प्रयास करते रहे, पर लोग मानने के लिए तैयार ही नहीं हो रहे थे। इस पर रात करीब दो बजे पुलिस ने लाठियां चला दीं तो सभी भाग गए। रविवार सुबह पुलिस अमन के घर पहुंची और शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही, लेकिन परिजन अपनी बात पर अड़े रहे। इस बीच पुलिस ने पीआरवी पर तैनात सिपाही शैलेंद्र और अन्य तीन अज्ञात पुलिसवालों पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज इसकी जानकारी दी। कई घंटे चली मान-मनौव्वल के बाद परिजन अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए।

## संपादकीय Editorial

# The plaster is falling off

Although the former Chief Minister Jairam Thakur is reviewing the use of government buildings this time, but it is true that we watch the spectacle by blowing the budget. The Leader of Opposition is pointing fingers at the appointments made behind closed doors of the Trauma Centre in Shimla. Without doing anything, the complaint of the Trauma Centre has now reached the stage of allegations, so everyone is guilty of throwing dust in the eyes of 'spectator development'. The above mentioned Trauma Centre could have started one and a half years ago, but similarly the Child-Mother Care Centre in TMC has forgotten its duty just because of the absence of a ramp. Oh, how leper and helpless the budget becomes that the plaster falls off as soon as the government changes. For example, many incomplete works in every assembly constituency will be standing halfway, because there is always a hair in the eye of politics which makes the development of the state guilty in rivalry. Many government hotels depicting the story of development have been auctioned, and schools and colleges are on the verge of closure. Here is an interesting story of the overhead bridge constructed at Kachhari Adda in Dharamshala at a cost of Rs 56 lakh, which even after four years of its construction, appears to be just a structure, a mockery of development and a joke of purpose. This is a living example of the favours of planners, leaders and the pocket money of the budget, which does not work, but rather defames the city. No one has passed through it nor can pass through it, yet the Smart City project is smiling and the PWD department responsible for construction is in arrogance. There must be some engineer, someone must have taken the decision, but this overhead bridge, which has become the ghost of development in front of the public, is now scaring them. It is surprising that schools and colleges are run with the income from the temples of Himachal or gyms are opened in tribal areas. Here, towers are erected at such places to see the migratory birds, where the birds do not fly. In Hamirpur, a tourist information and welcome center was built at such a place, where tourists either do not come or do not ask anything, as a result, this building became a grave as soon as it was built. By considering development as just bricks and mortar, Himachal lost its needs or the thinking for quality and innovation did not develop.

We built Asia's first forestry and horticulture university, but for political appeasement, we snatched two horticulture colleges from it, as a result, the division of the advanced system of education has started to clash with the main campus. On the same lines, the hopes of making regional offices the leaders of development have been ruined. It is surprising that the office which is not able to build a bridge properly, has become the head office of a zone. In a small state, there are four zones of PWD - four chief engineers, but the heart and budget for reconstruction are weak.

To top it, there is so much laziness in the government work culture of Himachal that there are complaints of subletting of jobs on rent in remote areas. The coat hanging on the chair seems to be busy in planning of many headquarters. No one has time to check how the tests are being conducted in the lab. No one is bothered to know why the plaster of reconstruction is falling. Development is just running in the form of a row of buildings and advertisements of announcements.

# Dr. Abdul Kalam Jayanti Special: Abdul Kalam Sahib, the visionary of developed India

Kalam Sahib of India is undoubtedly the visionary of developed India. His dream was to make India self-reliant. Which he also tried to fulfill with great intensity. He is world famous as a great teacher, a great scientist, a president of simplicity-loving people, a person with an extraordinary personality. The biggest achievement of the 21st century is India's continuously growing economy. Which is succeeding in making its lead in the world. One of the basic architects of developed India is also Kalam Sahib of India. Who cherished the dream of seeing India becoming self-reliant. He is one of those selected sons of India who made India a synonym of success in front of the world with limited resources. Who transformed impossibilities into possibilities. There are very few people who put the nation before themselves. India's unique personality was Abdul Kalam sahab, who inspired the young generation of India to dream with open eyes and fulfill them. He himself was full of such positive thoughts. Seeing birds flying in the sky in childhood, the desire to fly in the sky made him travel on the horizon of the world. India's Kalam sahab is definitely known as the visionary of developed India. His dream was to make India self-reliant. Which he also tried to fulfill with great intensity. He is world famous as an excellent teacher, a great scientist, a President of the people who likes simplicity, a person with an extraordinary personality. There are very few people who get the opportunity to rule in the hearts of the people. Kalam sahab is one of those great personalities whom all Indians have kept in their hearts. Kalam sahab was born on 15 October 1931 in Rameswaram, Tamil Nadu to Jainulabideen and Ashiamma. His father was a sailor by profession and his mother was a housewife. His parents were very serious and peace-loving people. The effect of which is visible on Kalam sahab. Kalam sahab was born in a time when India was engulfed in the struggle for independence. India was a slave. Kalam sahab's childhood also passed through the memories of that time when science and technology in India were no less than a world of magic. Still, he gave wings of positivity to his dreams. He forced the world to believe that the day will also come when India will stand in the first row in the world of science and technology and will fly the flight of development by looking into the eyes of the world. He often used to say, 'Dreams are not those which come to you while sleeping at night, but dreams are those which do not let you sleep at night.' His positive thoughts work to fill the youth of India with enthusiasm. He is still the most favourite teacher of the youth. He had a great affection for his students. His birthday is celebrated as World Student Day. He believed that if a country has to be free from corruption and filled with people with beautiful minds, then there are three people in the society who can do this. They are parents and teachers. Perhaps that is why he appeared happiest as a teacher. Even in the last moments of his life, he was working to instill enthusiasm in the students of Shillong. To honour Dr. Kalam Sahib's efforts towards students and education, on his 79th birthday, the United Nations Organization announced to celebrate his birthday as World Student Day. Since then, the world has been celebrating Kalam Sahib's birthday as World Student Day. On 27 July 2015, his body was no longer physically present among us, but even today Kalam Sahib can be seen in the progressive thoughts of every promising and struggling student. He is still present as the most favourite teacher, mentor and motivator of the students. The objective of World Student Day is to make the students of the world aware of the importance of education so that they can get the fundamental right of education. The students of any country are no less than the backbone of that country. In such a situation, in India, the country of youth, there are innumerable possibilities of progress and success. The need is to give them the right direction. To fly in the sky, courage is more important than airplanes or other means. The long flight of courage is capable of establishing supremacy in the skies of the world. There are many such examples in which we can see the dreams of open eyes being fulfilled. Kalam sahab kept repeating to the students about flying in the sky with the same flight of courage. While studying at M.I.T., he would often sit near the two airplanes kept there and would be engrossed in the desire to turn his dreams into reality. His thoughts about acquiring knowledge were clear. He used to say that knowledge is a very magical weapon. The more knowledge one has, the more he deserves freedom. Dr. Kalam sahab has a big contribution in making India equal to a few selected countries of the world in the skill of missile technology. Before the successful flight of Agni, the Defense Minister asked him how he would like to express his happiness on the success of Agni, then he said that 'we will plant the saplings of one lakh trees. Kalam sahab was very simple-minded, looking at the list of his dreams and wishes, one is convinced that he was definitely born in a small town of Rameswaram in India with the soul of an angel in human body and was born to prepare the blueprint for India's flight of success. He kept making continuous efforts for this. It was his dream to see India becoming self-reliant. Today India has become the fifth largest economy of the world. A stone must have been laid in the foundation of this success by Kalam sahab. His immense love for his country, teaching the youth to dream, successful experiments done for the security of India, make him a favourite hero of the youth and children. He knew that there is no dearth of talent in India, therefore he writes in his biography, that 'I know that many experts of science and engineers leave their country as soon as they get a chance. They go to other countries. To earn more money, to earn more income, but by staying here can they earn this respect, this honour which they get from their country.' If we say that the eleventh President of the country, Bharat Ratna Dr. A.P.J., who wrote the story of success by making knowledge a weapon, It would not be an exaggeration to say that Abdul Kalam Ji, as a visionary of a developed India, had made a successful attempt at sowing the buds of dreams in the eyes of the youth.

# Worrying: Climate change and changing bird migration patterns

Birds migrate to find optimal breeding sites and feeding areas. Traditionally, these journeys are made in such a way that birds arrive at breeding sites when food sources—such as insects and plants—are abundant.Climate change is not just a buzzword. It is a phenomenon that is causing significant changes in our natural world. One of the most noticeable impacts is the change in bird migration patterns. For centuries many bird species have followed predictable routes and timing, but these patterns are changing rapidly as global temperatures rise.Birds migrate to find optimal breeding sites and feeding areas. Traditionally, these journeys are made in such a way that birds arrive at breeding sites when food sources—such as insects and plants—are abundant. However, due to rising temperatures, these resources are now available earlier in the year.Changing bird migration Warmer causes plants to bloom and insects to emerge earlier, forcing birds to alter their migration schedules. As a result, many species are now arriving earlier at their breeding sites. However, not all species are able to adjust so quickly to these changing conditions.For example, the Himalayan Monal, a beautiful pheasant found in the hilly regions of the Himalayas, is experiencing a shift in the timing of plant growth and insect emergence. This mismatch results in the Monal seeking food sources that are either depleted or not abundant, affecting their ability to breed and raise their young successfully.Similarly, the Chataka (Pied Cuckoo) has shown a shift in its arrival timing in recent years. Traditionally, this bird used to arrive with the onset of monsoon, but now changes in rainfall patterns and temperature have made its arrival uncertain. Adverse effects of climate change- The Black-tailed Godwit – a long-distance migratory seabird that breeds in Siberia and spends winters in India and Australia is also being affected by climate change. Rising sea levels and changes in tidal patterns are affecting the availability of their feeding grounds on the Indian coastline, forcing them to alter their migration routes. The Indian Skimmer (Scissor Beak) an endangered bird that breeds on river-islands, further illustrates these changes. Loss of wetlands due to climate change has become a major threat to aquatic birds. For the Skimmer, changes in rainfall and changes in river flow patterns due to irrigation projects are destroying their breeding sites, pushing them closer to extinction. These examples highlight the far-reaching effects of climate change and its potential to disrupt the delicate balance of our ecosystem. Birds are pollinators, seed dispersers and predators of pests in ecosystems. Changes in their migration patterns can have cascading effects on food webs, which can also impact other organisms and agriculture. For example, if birds arrive too early or too late to feed on pests, crops may suffer more damage from pests. Concerted efforts are needed to address these challenges. Conservation initiatives should focus on protecting and restoring important habitats, especially in coastal and wetland areas. Research is needed to monitor and predict changes in migration patterns. Citizen science projects, where people collect bird data, can be particularly important. Educating children and adults about the importance of preserving natural habitats can help mobilise collective efforts and increase political will for conservation.



## बेकादो समुदाय के लोगों में पथराव: फोर्स ने संभाला मोर्चा तो भागे पत्थरबाज, एसपी बोले- जुए को लेकर हुआ था विवाद

मुरादाबाद- मुरादाबाद के गुलाबबाड़ी में बच्चों के विवाद के बाद दो समुदायों के बीच पथराव और लाठी-डंडे चल गए। इसमें एक युवक घायल हुआ और दो कारों के शीशे टूट गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सात लोगों को हिरासत में लिया और 33 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।



मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र के गुलाबबाड़ी में शनिवार रात बच्चों के विवाद में दो समुदायों के लोगों के बीच लाठी-डंडे चलने लगे और एक-दूसरे पर पथराव कर दिया। हमले में एक युवक घायल हो गया और दो कारों के शीशे टूट गए। सूचना मिलने पर पहुंचे एसपी सिटी और सीओ के लाठी फटकारी तो पत्थरबाज भाग गए।पुलिस ने सात लोगों को हिरासत में ले लिया। 33 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस के अनुसार घटना का कारण जुए के पैसों का विवाद है। गुलाबबाड़ी चौकी क्षेत्र की मिश्रित आबादी वाले इलाके वीर शाह हजारी में शनिवार रात करीब नौ बजे दशहरा मेला देखने के बाद एक समुदाय के बच्चे घर लौट रहे थे।इसी समय रास्ते में दूसरे समुदाय के बच्चों से उनका विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। थोड़ी ही देर में विवाद के बीच बड़े लोग शामिल हो गए। एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के घरों पर पत्थरबाजी शुरू कर दी। इसके बाद बस्ती में तनाव फैल गया। पत्थरबाजी के दौरान एक युवक जख्मी हो गया। आसपास खड़ी दो कारों के शीशे भी टूट गए। सूचना मिलने पर गुलबाबाड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने उपद्रवियों को रोकने की कोशिश की तो एक समुदाय के लोग और उग्र हो गए और पुलिस के सामने भी पत्थरबाजी जारी रखी। घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी सिटी रणविजय सिंह और सीओ आशीष प्रताप सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। साथही गलशहीद, मुगलपुरा और आसपास के थानों की फोर्स ने मोर्चा संभाला। थोड़ी ही देर में पूरा क्षेत्र छावनी में बदल गया। पुलिस के सख्त रुख अपनाने और डंडा फटकारने पर मौके से लोग भाग निकले। एसपी सिटी और सीओ के समक्ष दोनों समुदाय की महिलाओं ने छेड़खानी का भी आरोप लगाया। मौके पर तनाव को देखते हुए रातभर भारी पुलिस गश्त बढ़ा दी गई। एसपी बोले- जुए को लेकर हुआ विवाद- एसपी सिटी ने बताया कि शनिवार रात करीब साढ़े नौ बजे दो पक्षों के बीच विवाद हुआ था। रेलवे ट्रैक के पास पड़े पत्थरों को उठाकर पत्थरबाजी भी की गई। शीघ्र ही पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित कर लिया और तनाव आगे नहीं बढ़ पाया। घटना के दूसरे दिन किसी पक्ष ने रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई। जांच से पता चला कि जुए के पैसे को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। सात हिरासत में लिए गए- मामले में पुलिस ने आठ नामजद और 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस मौके से सात संदिग्ध आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस आरोपियों की पहचान कराने में जुट गई है।

## शौक पूरा करने के लिए दूसरे के घरों से करते थे चोरी, एक चूक से इस तरह पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुरादाबाद- मुरादाबाद पुलिस ने लोगों के घरों से चोरी करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी का सामान भी बरादम किया गया है। पूछताछ में पता चला कि आरोपी महंगे शौक को पूरा करने के लिए चोरी करते थे। मुरादाबाद में एक माह पूर्व शिक्षक के घर हुई चोरी




के मामले में मझोला पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया लैपटॉप, चार्जर, मोबाइल, सोने-चांदी के जेवर और 12 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी महंगे शौक पूरे करने के लिए चोरी करते थे। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि 12 सितंबर की रात मझोला थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर निवासी निजी स्कूल के शिक्षक राकेश कुमार शर्मा के घर से चोर डेढ़ लाख की नकदी, जेवर समेत करीब पांच लाख का माल चोर चुराकर ले गए थे।इससे पहले 12 जून की रात डिडौरा में इसरार हुसैन, कुसुम देवी और लियाकत अली के घर को खंगाला था। दोनों मामलों में केस दर्ज कर पुलिस जांच पड़ताल कर रही थी। रविवार को मामले में थाना प्रभारी मझोला मोहित चौधरी और उपनिरीक्षक सर्वेश कुमार की टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इसमें मझोला के जयंतीपुर चौकी क्षेत्र के मोहल्ला कचोधन नई बस्ती निवासी दानिश, पीर का बाजार टीला करूला निवासी मो. आजम व मैनाठेर के गांव नानकार निवासी मो. आलम शामिल हैं। पुलिस ने तीनों से चोरी किया एक लैपटॉप, एक मोबाइल, 12 हजार रुपये, छह जोड़ी पॉजेब और चाकू बरामद किया। तीनों आरोपियों ने चोरी की घटनाओं को स्वीकार किया। बताया कि महंगे शौक को पूरा करने के लिए तीनों मिलकर चोरी करते थे। चोरी का सामान बेचकर रुपये बांट लेते थे। पुलिस ने कोर्ट में पेश करने के बाद तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

## रामलीला के मंचन के बीच राम और रावण में हुई धक्का-मुक्की, उत्तेजना में मंच पर हुआ बखेड़ा

मुरादाबाद- गजरौला के एक गांव में रामलीला मंचन के दौरान राम और रावण बने कलाकारों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। इसके बाद विवाद बढ़ गया। रामलीला कमेटी के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत करा मंचन पूरा हुआ। इसका गजरौला में हैरान करने वाला मंच पर उस समय बखेड़ा खड़ा में धक्का मुक्की हो गई। देखते ही पर पहुंचे और किसी तरह मामला क्षेत्र के गांव सलेमपुर गोसाईं में रहा था। मंच पर राम और रावण के साथ मंच पर लक्ष्मण के रूप बीच संवाद चल रहा था। रावण देखते ही देखते दोनों कलाकारों रावण बने कलाकार ने उत्तेजना फिर क्या था कि राम और रावण देख वहां मौजूद कमेटी के लोग गरमाया रहा। हालांकि, बाद में





वीडियो वायरल हो गया है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले के मामला सामने आया। गांव सलेमपुर गोसाईं में रामलीला के हो गया, जब राम और रावण रूपी कलाकार के बीच आपस देखते विवाद बढ़ गया। तभी रामलीला कमेटी के लोग मंच शांत कराया। हालांकि, बाद में मंचन को पूरा कराया गया। विजयदशमी के अवसर पर रामलीला मंचन का आयोजन हो के रूपी कलाकार युद्ध का मंचन कर रहे थे। दोनों कलाकारों में सजे कलाकार भी थे। युद्ध के मंचन में राम और रावण के काफी उत्तेजना में थे। इस बीच युद्ध का मंचन शुरू होता है। के बीच युद्ध का मंचन विवाद में बदल गया। दरअसल, में राम को धक्का दे दिया। जिसके बाद वह नीचे गिर गए। बने कलाकार के बीच खींचतान शुरू हो गई। मामला बढ़ता मंच पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। काफी देर तक मामला किसी तरह दोनों कलाकारों का समझाकर मंचन को पूरा कराया गया। उधर, ग्रामीणों ने मामले को गांव में ही शांत कराया दिया। बताया जाता है कि दोनों ही कलाकार गांव के रहने वाले हैं। उधर, ग्राम प्रधान ओमकार सैनी ने बताया कि गांव के लोग रामलीला का मंचन करते हैं। रावण व राम बने कलाकार के बीच मंचन के दौरान धक्का मुक्की हुई, जिसके बाद मामला शांत करा दिया गया। अब किसी तरह का विवाद नहीं है।

## सेहतनामा: नियंत्रित रखें वजन... मोटापा बढ़ाता है कैंसर का खतरा, डॉ. तृप्ति ने दिए मरीजों के सवालों के जवाब

मुरादाबाद- चिकित्सक डॉ. तृप्ति सक्सेना ने मरीजों को वजन नियंत्रित रखने की सलाह दी है। बताया कि मोटापा कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। इसके अलावा यह शरीर के आंतरिक अंगों में सूजन और हार्मोनल असंतुलन पैदा करता है। मोटापे से स्तन, गर्भाशय, पित्ताशय और गुर्दे के कैंसर की संभावना बढ़ती है। यदि आप किसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं तो अपना वजन जरूर नियंत्रित रखें। विशेषज्ञों के मुताबिक मोटापा भी कैंसर के खतरे का बढ़ाता है। यह सलाह ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. तृप्ति सक्सेना ने दी। उनका कहना है कि मोटापे की वजह से शरीर के आंतरिक अंगों में लंबे समय तक सूजन रह सकती है।इंसुलिन जैसे विकास कारक, और सेक्स हार्मोन के स्तर में बदलाव हो सकता है। मोटापे की वजह से शरीर इंसुलिन का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाता। बढ़े हुए इंसुलिन से एस्ट्रोजन जैसे हार्मोन का नियंत्रण प्रभावित होता है। ऐसे में मोटापे की वजह से कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती हैबढ़ा हुआ मोटापा एसोफैजियल कैंसर, स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर, पित्ताशय कैंसर, गुर्दे के कैंसर को बढ़ा सकता है। डॉ. तृप्ति ने मरीजों के सवालों के जवाब भी दिए हैं। सवाल = मेरी बेटी तीन साल की है, लगभग दो साल से उसके सिर में बड़ा फोड़ा है। डॉक्टर ने कैंसर बताया है, देसी दवा खिला रहा हूं। काफी आराम है, लेकिन ठीक नहीं हो रही है। क्या यह ठीक हो सकता है। - सचिन कुमार, मैनाठेर जवाब = डॉक्टर ने कैंसर बताया है, तो इसे हल्के में लेना उचित नहीं होगा। देसी दवाओं से आराम मिलना अच्छी बात है, लेकिन यह पूरी तरह से इलाज का विकल्प नहीं हो सकता। कीमोथेरपी, रेडिएशन, या सर्जरी कैंसर के प्रकार और उसकी स्थिति पर निर्भर करता है। आप तुरंत कैंसर विशेषज्ञ ( ऑन्कोलॉजिस्ट ) से परामर्श लें। सवाल = मेरी उम्र 44 साल है। छह महीने पहले मेरे मुंह में छाले हुए थे, यह अभी तक ठीक नहीं हुए हैं। डॉक्टर ने कैंसर का खतरा बताकर जांच लिखी है। क्या मुंह के छाले सच में कैंसर हो सकते हैं, मुझे क्या करना चाहिए। - हरीश कटारिया, डिप्टी गंज जवाब = लंबे समय तक न ठीक होने वाले छाले, खासकर तंबाकू या धूम्रपान के सेवन के कारण, मुंह के कैंसर का संकेत हो सकते हैं। हालांकि, हर छाला कैंसर नहीं होता। इसकी जांच कराना जरूरी है, जिससे सही कारण पता चल सके। अगर जांच में कैंसर की पुष्टि होती है, तो इसका इलाज शुरुआती चरण में सफलतापूर्वक किया जा सकता है। सवाल = मेरे पापा की उम्र 72 साल है। उन्हें फैटी एसिड की समस्या हुई थी, फिर यह समस्या अल्सर में बदल गई। उन्होंने लगातार दवा खाई लेकिन ज्यादा फायदा नहीं हुआ। अब डॉक्टर कैंसर बता रहे हैं, क्या वह ठीक हो सकते हैं। - प्रवीण सागर, हरपाल नगर जवाब = यह गंभीर मामला है। कैंसर का प्रकार, उसकी स्टेज, और आपके पिताजी की शारीरिक स्थिति से यह तय होगा कि इलाज कितना प्रभावी हो सकता है। अगर यह कैंसर शुरुआती चरण में है, तो सर्जरी, कीमोथेरेपी या रेडिएशन से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। इसका निर्णय विशेषज्ञ द्वारा विस्तृत जांच के बाद ही लिया जा सकता है। सवाल = मेरे बेटे की उम्र 12 साल है। उसके शरीर पर दाने हो गए थे, कुछ नीले निशान बन गए थे। स्कूल से आते समय वह बेहोश हो गया था। डॉक्टर ने ब्लड कैंसर बताया है, जोकि सेकेंड स्टेज पर है। हमें बताएं कि कैसे इलाज कराना चाहिए। - कोमल भटनागर, संभल रोड जवाब = यदि डॉक्टर ने ब्लड कैंसर ( ल्यूकेमिया ) की दूसरी स्टेज बताई है, तो इसका तुरंत इलाज बेहद जरूरी है। कीमोथेरेपी, रेडिएशन, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट, इम्यून थेरेपी या टार्गेटेड थेरेपी का उपयोग किया जा सकता है। आपको तुरंत किसी विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए। शुरुआती समय पर इलाज से ब्लड कैंसर के ठीक होने की संभावना अधिक होती है। सवाल = मेरी मां की उम्र 52 साल है। उनके ब्रेस्ट में एक ओर गांठ हो गई है। काफी समय होने के बाद भी यह ठीक नहीं हो रही है। अब इसमें दर्द भी रहता है। क्या यह कैंसर की गांठ हो सकती है, यदि हां तो उपचार बताएं। - ज्योति विश्नोई, हरथला जवाब = यह गांठ ब्रेस्ट कैंसर का कारण हो सकती है, लेकिन सही जानकारी के लिए आपको तुरंत डॉक्टर से परामर्श लेना चाहिए। ब्रेस्ट में गांठ कई कारणों से हो सकती है, जैसे कि हार्मोनल बदलाव, सिस्ट, या इंफेक्शन, लेकिन कैंसर की आशंका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मैमोग्राफी और बायोप्सी जैसी शुरुआती जांचें करनी होंगी।



### संक्षिप्त समाचार

## बेकाबू रोडवेज बस ने बाइक को मारी टक्कर, साले की मौत व जीजा घायल

घायल जीजा को इजाल के लिए अस्पताल में कराया गया भर्ती

मुरादाबाद- सिविल लाइन थाना क्षेत्र के भदावली में नए पुल के पास बेकाबू रोडवेज बस ने सामने से आ रहे बाइक सवार जीजा साले को टक्कर मार दी। जिसमें साले की मौके पर मौत हो गई जबकि जीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के शेरवा धर्मपुर निवासी दीपक ( 30 ) पुत्र धर्मपाल अपने जीजा सुनील के साथ अपनी ससुराल डिलारी थाना क्षेत्र के फाजलपुर किसी कार्यक्रम में जा रहा था। भदावली में नए पुल पर पहुंचने पर बेकाबू तेज रफ्तार रोडवेज बस ने सामने से आ रही बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक चालक दीपक की रोडवेज बस के पहिए के नीचे आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि जीजा सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीष सक्सेना अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल सुनील को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। रोडवेज बस चालक मौके का फायदा उठाते हुए रोडवेज बस लेकरफरार हो गया है। क्षतिग्रस्त बाइक को पुलिस अपने साथ थाने ले आई । थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि परिवार के द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर रोडवेज बस चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आसपास पास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से रोडवेज बस की पहचान में जुट गई है। जीजा के साथ जा रहा था ससुराल-मृतक के भाई गौरव ने बताया मृतक दीपक मजदूरी करने का कार्य करता था। वह अपने जीजा सुनील के साथ अपनी ससुराल में किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहा था। जहां रास्ते में रोडवेज बस ने उसे रौंद डाला जहां, उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक अपने पीछे अपनी पत्नी सीमा और दो बच्चे को छोड़ गया है। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

## प्यार के लिए जान कुर्बान... इस डर से प्रेमी युगल ने पीया कीटनाशक; घर से 13 दिन पहले भागे थे दोनों

मुरादाबाद- रामपुर से 13 दिन पहले गायब हुई किशोरी और उसका शादीशुदा प्रेमी मूंढापांडे क्षेत्र के एक बाग में बेहोशी की हालत में मिले। किशोरी के पिता ने प्रेमी और उसके परिवार पर अपहरण का केस दर्ज कराया था। पुलिस कार्रवाई के डर से प्रेमी युगल ने जहर निगल लिया। दोनों को गंभीर हालत में मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस कार्रवाई के डर से मूंढापांडे थाना क्षेत्र के नाजरपुर स्थित अमरूद के बाग में प्रेमी युगल ने कीटनाशक पी लिया। दोनों पुलिस को एक कमरे में बेहोशी के हालत में मिले। पुलिस ने दोनों को मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना स्थल से 25 मीटर दूर कीटनाशक की शीशी मिली। प्रेमी के खिलाफ किशोरी के अपहरण का केस दर्ज था। दोनों 13 दिन पहले घर छोड़कर निकले थे। दोनों की हालत गंभीर है। रामपुर जिले के भोट थाना क्षेत्र के इंड्रा गांव का रहने वाला खेमकरन ( 24 ) एक किशोरी से प्यार करता है। हालांकि, परिजनों ने खेमपाल की शादी किसी अन्य युवती से करा दी थी। शादी के बाद भी खेमपाल का प्रेम प्रसंग जारी रहा। शादी करने के इरादे से प्रेमी युगल 29 सितंबर को गांव छोड़ दिया था। मूंढापांडे के थाना प्रभारी आरपी शर्मा ने बताया कि तीन अक्तूबर को किशोरी के पिता की तहरीर पर भोट पुलिस ने प्रेमी खेमकरन, उसकी मां और भाइयों के खिलाफ किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। विवेचना से पता चला किशोरी के अपहरण में गनेशघाट निवासी नजाकत का हाथ है। वह वहां के बाग से अमरूद जाता है। उसके बाग में किशोरी का आना-जाना था। बाग का ठेकेदार गिरफ्तार- भोट पुलिस ने शनिवार की रात गनेशघाट में दबिश देकर ठेकेदार नजाकत को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर जीरो प्वाइंट पुलिस चौकी से 10 किमी दूर नाजरपुर स्थित भारत सिंह के बाग में बने ट्यूबवेल के कमरे से प्रेमी युगल को बरामद किया। पुलिस ने कीटनाशक की शीशी बरामद कर प्रेमी युगल को टीएमयू में भर्ती कराया। दोनों के मुंह से दुर्गंध आ रही थी। एसडीएम सदर ने इस मामले में प्रेमी युगल के बयान दर्ज किए। सूचना मिलने पर दोनों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनों के परिजन अलग-अलग बिरादरी के कारण शादी के लिए राजी नहीं थे।फैली थी

### क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# कोतवाल का स्थानांतरण नही हुआ तो धरने पर बैठेंगे पत्रकार,SDM को सौंपा मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन

## कोतवाल की मनमानी ने निकाल दी सीएम योगी के आदेशो की हवा

क्यूँ न लिखूँ सच

ठाकुरद्वारा। वर्तमान कोतवाली प्रभारी विवेक कुमार शर्मा के ख़राब आचरण के चलते पत्रकारों की नाराज़गी दिन व दिन बढ़ती ही जा रही है।स्थानीय पत्रकारों का आरोप है कि कोतवाली प्रभारी के ख़राब रवेये के चलते उन्हें समाचार संकलन करने मे दिक़्क़त आ रही है।वहीं दूसरी तरफ़ कोतवाली परिसर मे दलालों का बोलबाला है। धरने के लिए बाध्य होंगे पत्रकार-एक्टिव प्रेस क्लब के कैंप कार्यलय पर दर्जनों पत्रकार एकत्रित हुए,इस दौरान पत्रकारों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंप कर कोतवाली प्रभारी के स्थानांतरण की मांग करते हुए कहा है कि पत्रकारों ने चार दिन पूर्व इस संबंध मे एएसपी को एक ज्ञापन सौंपा था जिसका अभी तक कोई निष्कर्ष नही निकला है।यदि आगामी 3- 4 दिनों मे कोतवाली प्रभारी का स्थानांतरण नही होता है तो तहसील मुख्यालय पर समस्त पत्रकार एक्टिव प्रेस क्लब के बैनर तले धरने के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान इरशाद अंसारी,यामीन विकट,अनिल शर्मा,सतीश चौधरी,नईम राजा,दीपेश शर्मा,शमशेर मलिक,अनुराग सिंघल,अशरफ अली,जाबिर हुसैन, मिर्ज़ा गालिब,डॉक्टर आफताब हाशमी,वसीम अब्बासी,लोकेश कुमार,वसीम कुरैशी,नवीन सक्सेना,ताजुल इस्लाम,अनुज कुमार,इस्लाम सलमानी,प्रशांत चौहान,पियूष चौहान, मौहम्मद अली,सफदर अली, सईद कुरैशी,अतीक अहमद,अनिल कुमार शर्मा,विवेक ओझा आदि पत्रकार मौजूद रहे।



# राजश्री कालेज में आयोजित वर्कशॉप में सांइस लैव एट होम पर चर्चा

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।राजश्री इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी बरेली के भौतिकी विभाग में साइंस लेबोरेटरी 2024 विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्र में संचालित कॉलेजों में से छात्र-छात्राओं का चयन कर साइंस लेबोरेट्री में प्रयोगों के डिजिटाइजेशन को सिखाया गया। संस्थान के चेयरमैन राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक तकनीकी विकास में लेबोरेटरी में संचालित प्रयोगों को अपने स्मार्ट फोन, कंप्यूटर स्क्रीन और स्मार्ट बोर्ड की स्क्रीन पर विश्लेषण कर उसको समझने में बहुत ही सहायक सिद्ध हुआ है। इसमें भौतिकी के कठिन सिद्धांतों के ज्ञान के साथ-साथ वास्तविक घटनाओं की समझ बेहतर होगी। तीन दिवसीय वर्कशाप में इलेक्ट्रॉनिकी के विभिन्न मौलिक घटकों के डिजिटलीकरण पर आयुषी पटेल, वीरपाल व सृष्टि रावत सहित सभी प्रतिभागियों ने किताबी ज्ञान को प्रायोगिक रूप से बिश्लेषण करना सीखा। इंटर यूनिवर्सिटी एक्सीलेटर सेंटर न्यू दिल्ली के सहयोग से इस वर्कशाप के माध्यम से भौतिकी, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल के लगभग 200 से अधिक प्रयोगों का स्मार्ट फोन या कंप्यूटर स्क्रीन की सहायता से डिजिटलीकरण की बारीकियां सिखाई गई। प्रत्येक सप्ताह में आयोजित वर्कशॉप में क्षेत्र के अन्य कॉलेजों के दो छात्र-छात्राओं को भाग लेने का मौका मिलेगा। वर्कशॉप के सफल आयोजन में संस्थान के निदेशक डॉ? अनिल कुमार, डीन डॉ? साकेत अग्रवाल, निदेशक डॉ? पंकज कुमार शर्मा, विभागाध्यक्ष डॉ? स्वतंत्र गुप्ता, डॉ? सुमन जोशी, स्वेतांक अग्रवाल शिवांगी उपाध्याय आदि स्टाफ मौजूद रहा।




# हरे भरे पेड़ों को बचाने के लिए ओपी शर्मा का द्वितीय कृमिक अनशन प्रारम्भ

क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली - ग्राम गंगोरा पिपरिया ब्लॉक भोजीपुरा बरेली के पीड़ित ओम प्रकाश शर्मा के आम के बाग में गांव की बस्ती का घरेलू दूषित पानी भरने से उनके बाग के कई हरे भरे पेड़ पहले ही सूख चुके हैं शेष पेड़ों का जीवन बचाने को लेकर पीड़ित ने जिले के संबंधित अधिकारियों को अनेक प्रार्थना पत्र देकर पीड़ित के बाग से आगे गांव की हड़वार, तालाब अथवा खलियान के गढ्ढों के जलाशय तक कच्चा नाला खुदवाने की जनहित की मांग में राजनीतिक कारणो से ब्लॉक भोजीपुरा पक्षपात पूर्ण कार्वाई कर रहा है जिस पर पीड़ित को अभी तक सफलता नहीं मिल रही है उक्त नाला खुदवाने को लेकर दिनांक 7.10.2024 को जिला मुख्यालय बरेली पर पहले चरण में पीड़ित के धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन देने के उपरांत दिनांक 30.10.2024 तक समस्या का कोई समाधान न होने पर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी का ध्यान पुन: ज्ञापन प्रेषित कर आकर्षित करने को पीड़ित विवस हो रहा है । पीड़ित ने अपने पूर्व नोटिस दिनांक 19.7.2024 के क्रम में दो दिवसीय कृमिक अनशन आज दामोदर स्वरूप पार्क कचहरी बरेली पर प्रारंभ किया इस मौके पर उनके परिवार के सदस्य व ग्रामीण उपस्थित




KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश .
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# हाफिजगंज में संरक्षण एवं सुरक्षा का अधिकार को लेकर छात्र -छात्राओं को जागरूक किया

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।केवल बच्चों को किताबी ज्ञान ही काफी नहीं है उन्हें समसामयिक विषयों से रू-ब-रू होना आज बहुत आवश्यक है। सरकार की मंशानुसार सोमवार को मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत कंपोजिट माध्यमिक विद्यालय परिसर में जन-जागरूकता कार्यक्रम की शुरुआत, परिचय सत्र के साथ की गई। संस्था का परिचय दिया गया। बच्चों से उनका परिचय लिया गया। उ बाल संरक्षण एवं सुरक्षा का महत्व बताया गया ।बाल अधिकार के बारे में बताया गया। हेल्पलाइन नंबर, बाल विवाह, पोक्सो एक्ट आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। अगर आपके साथ में कोई हिंसा होती है। तब आप अपनी कैसे मदद कर सकतें हैं। फिर बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार और क़ानून से जुड़े सभी अधिकार जिसमें मौलिक अधिकारों के बारे में , बाल विवाह, बाल मजदूरी,और शोषण से बचने के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया । गुड टच और बैड टच के बारे में बताया गया । चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर की हेल्प कब और कैसे लेनी चाहिए तथा और इस स्तिथि में आप किस प्रकार अपनी और दूसरों की मदद ले सकते हैं। हाफिजगंज थाने से आये हुए मिशन शक्ति कार्यक्रम के प्रभारी अरविंद कुमार ने हेल्प लाइन नंबर 100 से बदलकर 112 क्यों रखा गया। इसके बारे में विस्तार से बताया गया और इससे जुड़े सभी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया गया उसके बाद मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह से जुड़ी जानकारी दी गई । और बच्चों से सवाल जवाब पूछे गए। जिसके बाद एक एक कर लडके और लड़कियों से हेल्पलाइन नंबरो के बारे में पूछा और उनके कामों के बारे में जानकारी पूछी गयी। फिर क्विज़ कम्पटीशन कराया गया जिसमें पांच बच्चों को सम्मान के लिए चयन किया गया। चयनित आयुष गंगवार, मोहमद अब्बाब, समा, नंदनी , अलबक्स को पुरुस्कार देकर सम्मानित किया गया। अभियान में साकार संस्था से रिज़वान, प्रियंका, मिथलेश एस आई अरविन्द , रूपदेई, मीनू एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




# कादरीगेट थाना प्रभारी आमोद कुमार ने चलाया अभियान, संदिग्धों से की पूछतांछ

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रूखाबाद। कानून व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए थाना प्रभारी कादरीगेट ने पुलिस फोर्स के साथ सोमवार को भीड़भाड़ वाले इलाकों में जाकर चेकिंग अभियान चलाया और मिले संदिग्धों की गहन तलाशी लेकर उन्हें हिदायत देकर छोड़ दिया गया। बतातें चलें कि थाना प्रभारी कादरीगेट आमोद कुमार ने फोर्स के साथ क्षेत्र में निकल संदिग्ध लोगों खिलाफ अभियान चलाया। इस अभियान को सार्वजनिक स्थानों पर चलाया गया। इस दौरान पुलिस को रोडवेज बस स्टैण्ड पर कुछ संदिग्ध युवक भी मिले। जिनसे गहनता से पूछतांछ की गई। थाना प्रभारी ने सभी को सख्त हिदायत देकर उन्हें छोड दिया और कहा कि अगर कानून व्यवस्था से खिलवाड किया गया तो वह कठोर कार्यवाही अमल में लायेगें। इसी के साथ उन्होने फोर्स के साथ बैकों के बाहर जाकर चेकिंग अभियान चलाया। जहां बैंक से पैसे लेकर जाने वालों को जागरूक करते हुए उन्हें सावधान रहने की बात कही। इतना ही नही कहा कि यदि किसी प्रकार की समस्या होती है तो तत्काल थाने के सरकारी नम्बर पर फोन कर सूचना दे। जिससे पुलिस आरोपियों के विरूद्व कठोर कार्यवाही कर सके। बता दें कि रोडवेज बस स्टैण्ड पर अक्सर किसी न किसी यात्री का सामान गायव हो जाता है या तो किसी की जेव काट ली जाती है।



# नशेडियों ने सिपाही से की अभद्रता, पुलिस ने नशेड़ियों को किया गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रूखाबाद। देर रात चौकी आवास विकास पर तैनात एक सिपाही के साथ शहर के रहने वाले दो शराबियों ने अभद्रता कर दी। ममाले की सूचना सिपाही ने चौकी पर दी। जिस पर फोर्स मौके पर पहुंच गया और दोनों शराबियों को गिरफ्तार कर लिया और उनका शांति भंग में चालान कर दिया। विवरण के अनुसार रविवार की देर रात्रि आवास विकास स्थित लोहिया तिराहे के पास से चौकी आवास विकास में तैनात सिपाही योगेश निकल रहा था। उसी दौरान वहां खडे शहर कोतवाली के मोहल्ला मजीद खां निवासी रितिक पुत्र सुनील व नाला मछरट्टा निवासी कृष्णा सिंह पुत्र स्व0 धनश्याम नशे की हालत में वहां खड़े थे। उसी दौरान दोनों ने सिपाही योगेश के साथ अभद्रता कर दी। जब सिपाही ने विरोध किया तो दोनों युवक गाली गलौज करने लगे। मामले की सूचना सिपाही योगेश ने चौकी पर दी। जिस पर दरोगा सहित फोर्स मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। जब पुलिस पकडे गये लोगों को गाडी में बैठा रही थी उस समय दोनों युवकों ने पुलिस से धक्का मुक्की भी की। तब जाकर पुलिस को बल का प्रयोग करना पडा। दोनों को थाना कादरीगेट ले जाकर बंद कर दिया गया। सोमवार की सुबह पकड़े गये रितिक व कृष्णा सिंह को पुलिस ने शातिभंग में चालान कर दिया।



प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# श्री शाकुम्भरी देवी सेवा संघ शामली द्वारा 117 वां विशाल भंडारा आयोजित

क्यूँ न लिखूँ सच -राकेश गुप्ता

शामली। श्री शाकुम्भरी देवी सेवा संघ शामली के अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार बाबा बंसी वाले की प्रेरणा से श्री शाकुम्भरी देवी सेवा संघ द्वारा हर माह में शुक्ल पक्ष की चौदस से एक सप्ताह पहले भंडारे का आयोजन किया जाता है इस बार भी 117 वां विशाल भंडारा का आयोजन 13 अक्टूबर 2024 को शामली के कंबोज कॉलोनी के सामने आने वालों की दुकान के आगे किया गया। इस भंडारे की खास बात यह रहीं की सभी माँ के प्यारों को भोजन थाली में कराया गया। भोजन में कढ़ी चावल हलवे के प्रसाद के साथ सभी को भोजन कराया गया। सभी ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ प्राप्त किया। ( श्री शाकुम्भरी देवी सेवा संघ शामली द्वारा हर माह में शुक्ल पक्ष की चौदस पर एक डीलक्स बस दोपहर 12 बजकर 15 मिनट पर हनुमान टील्ला हनुमान धाम के गेट से माँ शाकुम्भरी देवी दर्शन के लिए जयेगी जिसकी सहयोग राशी बहुत नोरमल रखी गई है भक्त धर्म लाभ उठा सकते हैं )। इस आयोजन के मौके पर अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल ( गंगाटूरिस्ट ), सचिव राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भेरी लाल संगल ( गर्ग इंसोरेनस ), विनम्र सेवा ने मयंक इलेक्ट्रोनिक, संरक्षक संजय धीमान, राकेश गर्ग के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में लोग रहे।

# धार कार्यक्रम के दौरान धार प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय का स्वागत किया

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर धार कार्यक्रम के दौरान श्री कैलाश विजयवर्गीय मंत्री नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य विभाग मध्य प्रदेश प्रदेश शासन एवं धार जिला प्रभारी मंत्री का स्वागत कर दशहरे की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पवन सिंह पटेल, नरेंद्र दरबार ,इस्लाम पटेल प्रदीप द्विवेदी ,ठाकुर चौधरी अमर सिंह यादव ने बेटमा चौराहे पर स्वागत कर दशहरे की शुभकामनाएं प्रेषित की। जिला मंत्री जीवन रघुवंशी एवं राजकुमार रघुवंशी ने पीथमपुर की समस्याओं के विषय में श्री विजयवर्गीय को अवगत कराया। श्री विजयवर्गीय जी ने समस्याओं के निराकरण का भरोसा दिलाया।



# भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर करेंगे जनता से मुलाकात

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रूखाबाद/ अमृतपुर। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर तत्कालीन भाजपा सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। जिनका अमृतपुर क्षेत्र के दयानंद इंटर कॉलेज ग्राउंड में कार्यक्रम लगा है जिसको देखते हुए जिले के अधिकारी डीपीआरओ समेत मौके पर पहुंचे तथा साफ सफाई करने के लिए मौके पर टीम लगा दी गई। भीड़ जुटाने प्रदेश अध्यक्ष प्रेमचंद कश्यप जिला उपाध्यक्ष अतर सिंह प्रधान आदि गांव में पहुंचकर भीड़ जुटाना की कोशिश में जुटे हैं। जनता को बता रहे हैं कि मंत्री बनने के बाद समाज के गरीब मजदूर बेसहारा लोगों को आवास देने की बात कह रहे हैं। वही कहा कि गरीब मजदूरों की पेंशन आदि कम होंगे। वही पार्टी के पदाधिकारी ने अपने कार्यकर्ताओं को साधने के लिए दौलतियापुर, कुड़री सारंगपुर, अमैयापुर, सिकंदरपुर बेचे पट्टी बड़ागांव परतापुर, आदि गांव में पहुंचकर अपने पार्टी के बखान किए तथा समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि यह यादवों की सरकार नहीं है जो दिनदहाड़े गरीबों को परेशान करते थे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि 18 अक्टूबर को ग्राउंड में जाकर जनता को संबोधित कर उनके हाल-चाल जानेंगे जिसके लिए गांव गांव जाकर जानकारी दी जा रही हैं।



# पूर्व महामंत्री शैलेंद्र सिंह राठौर ने भाजपा के जनाधार में वृद्धि कर पार्टी हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद। भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा ) के पूर्व महामंत्री और वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह राठौर ने गुमनाम रहते हुए पार्टी हित में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। राठौर ने संगठन के भीतर और बाहर विभिन्न वर्गों को जोड़ने का अनूठा काम किया है, विशेष रूप से क्षत्रिय समाज के बीच अपनी प्रभावशाली पहचान बनाई है। उनके योगदान के कारण भाजपा का जनाधार लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसके चलते पार्टी हाई कमान की नजर में उनकी छवि मजबूत हो गई है। राठौर ने क्षत्रिय समाज में अपनी अनूठी पहल और सतत प्रयासों से पार्टी का आधार मजबूत किया है। उनके नेतृत्व में कई क्षत्रिय नेता और कार्यकर्ता भाजपा के साथ जुड़े, जिससे इस वर्ग में पार्टी का प्रभाव बढ़ा। उनके द्वारा किए गए प्रयासों ने भोजपुर विधानसभा में भी भाजपा के लिए सकारात्मक माहौल बनाया है। भोजपुर विधानसभा में बढ़ा दखल- शैलेंद्र सिंह राठौर ने भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में भी पार्टी की पकड़ मजबूत की है। वे लगातार इस क्षेत्र में सक्रिय रहे हैं, जहां उन्होंने अंदरखाने पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों का संचालन किया है। उनकी यह सक्रियता न केवल क्षत्रिय समाज बल्कि अन्य वर्गों के लोगों को भी भाजपा से जोड़ने में सहायक साबित हुई है। संगठन में बड़ी भूमिका की संभावना- भाजपा हाई कमान ने राठौर के संगठनात्मक कौशल और विभिन्न वर्गों के बीच बढ़ती पैठ को ध्यान में रखते हुए भविष्य में संगठन में बड़े दायित्व देने की संभावना जताई है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, उनकी यह छवि और कामकाज पार्टी नेतृत्व के सामने मजबूती से उभर कर आया है, जिससे उन्हें जनपद अथवा मंडल स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी मिलने की संभावना प्रबल हो गई है।और उन्हें जनपद के नए राजनैतिक परिदृश्य में नए जिम्मेदार के रूप में माना जा रहा है। शैलेंद्र सिंह राठौर के नेतृत्व में भाजपा ने विभिन्न वर्गों में अपना जनाधार बढ़ाया है। भोजपुर विधानसभा क्षेत्र में 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को ऐतिहासिक वोट प्राप्त हुए थे, जबकि 2022 में यह संख्या उतनी नही बढ़ी क्योंकि क्षेत्र का क्षत्रिय विधायक नागेंद्र सिंह से बुरी तरह नाराज था , शैलेंद्र सिंह ने ये नाराजगी दूर करने में महती भूमिका निभाई थी,जिसके चलते बीजेपी प्रत्याशी नागेंद्र सिंह राठौर लगातार दूसरी बार एमएलए बने। इसके अलावा, क्षत्रिय समाज के लगभग 5,000 नए सदस्य भाजपा से जुड़े हैं, जिनमें से अधिकांश राठौर की पहल पर पार्टी में शामिल हुए। भाजपा नेता शैलेंद्र सिंह राठौर ने पार्टी के लिए जो गुप्त और सतत प्रयास किए हैं, उनके परिणामस्वरूप संगठन में उनकी अलग पहचान बनी है। क्षत्रिय समाज के साथ उनके जुड़ाव और भोजपुर विधानसभा में उनके बढ़ते प्रभाव के कारण पार्टी हाई कमान के सामने उनकी छवि मजबूत हो रही है। संगठन में बड़े दायित्व की प्रबल संभावना और भोजपुर में उनकी मजबूत पकड़ ने राठौर को भाजपा के प्रमुख नेताओं में स्थान दिलाया है।



# नम आंखों से देवी प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन देवी माँ की शोभा यात्रा बड़े धूम धाम और उत्साह के साथ निकली विसर्जन के समय सभी भक्त हुए भावुक

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच ( जालौन )- नगर मे नवरात्रि पर्व पर विराजी लगभग 80 देवी प्रतिमाओं की विसर्जन हेतु विशाल शोभा यात्रा बड़े गाजे बाजे और भारी उत्साह और आस्था के साथ निकली नगर के तमाम इलाको में कई नामों से स्थापित देवी प्रतिमाओं शारदेय नवरात्रि पर्व पर परवा पर विराजी थी भक्तो के नौं दिनों की कठिन सेवा के बाद आज विसर्जन के लिये सुबह से ही नगर में काफी चहल पहल सड़कों पर दिखाई देने लगी कोतवाली द्वारा सभी देवी प्रतिमाओं के नम्बर पहले से ही मिल गये थे ताकि आगे पीछे प्रतिमाओं को लगाने का कोई बाद विवाद न रहे आज उसी क्रम में यह देवी प्रतिमाओं की विसर्जन की शोभा यात्रा निकली सबसे पहले चन्द्र कुआ चौराहे पर विराजी माँ सिंह वाहिनी की प्रतिमा आगे चल रही थी फिर सराफा बाजार का माँ काली देवी जी की प्रतिमा और गोरी जी की प्रतिमा डॉ0 आर वी जैन के पास बैठी देवी जी प्रताप नगर मे विराजी देवी जी जय प्रकाश नगर मे बैठीं काली जी गायत्री देवी जी सहित नगर के करीबन चार दर्जन के आस पास देवी सभी छोटी बड़ी प्रतिमाओं शोभा यात्रा मे चल रही थी यह शोभा यात्रा पुरानी स्टेट बैंक चौराहे से जय प्रकाश नगर प्रताप नगर भुजरया तिराहा होकर सेठ वृन्द्रावन स्कूल होकर तिलक नगर नई बस्ती पहुंची और फिर यहाँ से सराफा बाजार नगर पालिका रोड होते हुये सागर चौकी तिराहा पहुंची और फिर यहाँ से चन्द्र कुआ चौराहा होकर सीधे नकटी माता मन्दिर होते हुये धनुतालाब पर पहुंची और विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षमा याचना करते हुये धनुताल मे विसर्जित की गई देर रात तक देवी प्रतिमाओं का विसर्जन होता रहा नगर पालिका के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और ई ओ पवन किशोर मौर्य के निर्देश पर धनुताल व मैदान और आस पास बढिया साफ सफाई की गई और रोशनी की व्यवस्था की गई साथ ही धनुताल और मैदान मे पालिका कर्मी लगाए गए धनुताल मे नाव के अलावा गोता खोर लगाए गये ताकि कोई अप्रिय घटना न घट सके सुरक्षा व्यवस्था मे जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार,एसडीएम ज्योति सिंह सी ओ अर्चना सिंह उरई से आये सी ओ अवधेश कुमार सिंह चौहान कोतवाल अरुण कुमार राय अतिरिक्त इंस्पेक्टर लललूराम रावत उरई से आये इंस्पेक्टर अनिल कुमार इंस्पेक्टर अजीत कुमार इंस्पेक्टर संजय सिंह एस एस आई अभिलाश मिश्रा दरोगा नितीश कुमार सहित कई पुलिस पीएसी जवान मौजूद रहे।







# चार घंटों में पुलिस ने चोरी हुआ सरकारी तार बरामद कर चोर को पकड़ा

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला


फर्रूखाबाद। शानदार पुलिसिंग को अंजाम देते हुए थाना प्रभारी कादरीगेट आमोद कुमार के तेज तर्रार सिपाही ललित व रिंकू चाहर ने चार घंटों के अन्दर चोरी हुए सरकारी तार को बरामद कर एक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये चोर के दो साथी अभी फरार हो गये है। उनके लिए दविशें दी जा रही है। जल्द ही वह पुलिस की गिरफ्त में होंगे। विवरण के अनुसार लकूला विद्युत उपकेन्द्र पर तैनात ठेकेदार पवन शुक्ला निवासी कादरीगेट ने सोमवार की सुबह थाना पुलिस को सूचना दी कि विद्युत उपकेन्द्र से एक हजार मीटर सरकारी तार चोरी हो गया है। जिस पर थाना प्रभारी आमोद कुमार ने मामले को गंभीरता से लेकर अपनी टीम को सक्रिय कर दिया। जिसका नतीजा यह निकला कि मात्र चार घंटों के अन्दर चोरी हुआ तार बरामद हो गया और एक चोर को भी गिरफ्तार किया गया। पूंछे जाने पर चोर ने अपना नाम सोनू उर्फ नन्हे पुत्र छोटे निवासी गिहार बस्ती लकूला बताया है। इस काम को सिपाही ललित व रिंकू चाहर ने बखूबी अंजाम दिया। बता दें कि इससे पूर्व में एक युवक से मोबाइल छीन लिया गया था। जिसे भी सिपाही रिंकू चाहर ने चंद घंटों में बरामद कर मोवाइल स्वामी को लौटा दिया था। बताया गया कि अभी घटना में दो चौर और शामिल हैं जोकि फरार चल रहे है। उनकी तलाश में दबिशें दी जा रही है। जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। बरामद किये गये तार को थाने में रख दिया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने पकड़े गये चोर का चालान नही किया था। पुलिस की जांच पड़ताल जारी है।



# 14 वर्ष का बनवास व्यतीत करने के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम पुष्पक विमान से पहुंचे अयोध्या

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/शमसाबाद।14 वर्ष का बनवास व्यतीत करने के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम अपनी पत्नी सीता भाई लक्ष्मण तथा हनुमान जी के साथ पुष्पक विमान पर बैठकर अयोध्या पहुंचते हैं। वहीं से पवन पुत्र हनुमान को भेज कर अपने आने की सूचना भाई भरत के पास भिजवाते हैं। अयोध्या के बाहर कुटी बनाकर रह रहे भरत के पास हनुमान जी पहुंचते हैं और भगवान श्री राम की पत्नी सीता एवं भाई लक्ष्मण के आने की सूचना देते हैं। भरत को जैसे ही भगवान श्री राम के अयोध्या आने की सूचना मिलती है, वैसे ही भरत नंगे पैर दौड़कर अपने परिवार के साथ भैया राम के पास पहुंचते हैं और भावुक माहौल में भरत राम के गले मिलते हैं। तभी उन लोगों की आंखों में अश्व धारा वह निकलती है। इस दृश्य को देखकर मौजूद लोगों की आंखें नम हो जाती हैं। भरत अपने भाई राम लक्ष्मण एवं भाभी सीता को आदरपूर्वक के साथ अयोध्या के राजमहल में लाते हैं। वहां पर राम लक्ष्मण एवं सीता ने वनवासी कपड़े उतार कर राजसी वस्त्र धारण किए। भगवान श्री राम के साथ लंका से लंका पति विभीषण, सुग्रीव, नल और नील और पवन पुत्र हनुमान भी साथ आए। भरत ने सभी मेहमानों का स्वागत सत्कार किया। शमशाबाद कस्बा क्षेत्र में राम भरत मिलाप लीला रविवार की रात बाबा राम रक्ष पाल अन्नपूर्णा देवी प्राथमिक विद्यालय के निकट स्थित रानी वाले मंदिर में आयोजित हुआ। लीला स्थल को भव्य रूप से सजावट की गई थी तथा विद्युत की रंगीन झालरों एवं डेकोरेशन की किरणों से बड़े मनोरम ढंग से सजाया गया था। भरत मिलन की लीला के दौरान जन समुदाय की भारी भीड़ उमड पड़ी। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अवधेश पांडेय, महामंत्री संजय गंगवार, उपाध्यक्ष शीतल चौबे, कोषाध्यक्ष राजू भारद्वाज सहित कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।



आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना ,क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 9077776991

## संक्षिप्त समाचार

# जनपद के कुछ गांवों में सिमरा सिमरी की शादी की परंपरा आज भी है कायम

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/शमसाबाद।जनपद के कुछ गांवों में आज भी सिमरा सिमरी की शादी की परंपरा कायम है। यह परंपरा धीरे-धीरे विलुप्त होने की कगार पर है। कुछ गांव के कुछ ही परिवार अभी भी इस परंपरा को जीवंत किए हुए हैं। शमशाबाद ब्लॉक क्षेत्र के गांव नैगवा पटिटया तराई सहित कुछ गांव में सिमर सिमरी की शादी की परंपरा को धूमधाम से मनाया गया। दुर्गा पूजा के समय नगर एवं गांव में टेसू झांसी एवं सिमरा सिमरी का विवाह करने की पुरानी परंपरा रही है। शमशाबाद क्षेत्र के भकुसा, मूसेपुर, मीरगंज, पट्टियां आदि गांव के कुछ अन्य गांव में सिमरा सिमरी के विवाह की परंपरा कायम है। सिमर सिमरी को भगवान शंकर माता पार्वती का स्वरूप माना जाता है। अश्वनी माह की शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से इस आयोजन की शुरुआत हो जाती है। एक लड़की कन्या पक्ष की एवं एक लड़का पर पक्ष बनती है। नवमी की रात गांव दोषपुर के दो घरों में लोक संस्कृति की यह तस्वीर देखने को मिली। कन्या पक्ष की निशा एवं शिवानी के घरों में मंडप सजे। जहां सिमरी को दुल्हन की तरह सजाया गया। वर पक्ष की उषा देवी एवं रानी के घरों से सिमरा दूल्हा बनकर बारातें कन्या पक्ष वाले घरों में पहुंची। बारातियों में सेवक राम, रामदेवी, राम शंकर, उषा देवी, संध्या , प्रांशु , मनोज कुमार, रानी, मुकेश एवं घरातियों में जितेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, निशा, रश्मि , शिवानी, मालती, कामिनी, रुचि, रिंकी आदि शामिल रही। आयोजन में महिलाओं ने ढोलक की थाप पर मंगल गीत गाए। जलपान एवं भोजन के साथ विधि विधान से विवाह के बाद सिमरी को सिमरा के साथ विदा किया।



# जिले के गांवों को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने 'हमर सुघर गांव' पहल का किया गया शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय, जिले के ग्राम सिलौटा प्रतापपुर के मिनी स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित आदिवासी करमा महातिहार कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के शुभारंभ से पूर्व मुख्यमंत्री करमडार पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए और छत्तीसगढ़ के खुशहाली और संपन्नता की कामना की। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के बंधुओं द्वारा आदिवासी संस्कृति व परंपरा का प्रस्तुतिकरण करते हुए उनका आत्मीय स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा सूरजपुर जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छ सुंदर और स्वस्थ गांव बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई पहल 'हमर सुघर गांव' और सूरजपुर जिले के नागरिको की समस्याओं के समाधान के लिए निर्मित वॉट्सएप्प बेस्ड चैटबोट प्लेटफार्म समाधान सूरजपुर ऐप का शुभारंभ किया। इसके अलावा उन्होंने जिले के विकास कार्यों पर आधारित विकास पत्रिका ' प्रगति पत्रक ' का विमोचन भी किया। साथ ही जिला प्रशासन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने हेतु शुरू किए गए चैंपियंस ऑफ चेंज अवॉर्ड की मुख्यमंत्री श्री साय ने शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में निरंतर लोगों शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम आवास के द्वारा शासन लोगों को पक्का आवास प्रदान करने का कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए प्रदान किया जा रहा है जिससे महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। रामलला दर्शन योजना के द्वारा रामभक्तों को अयोध्या धाम में नि:शुल्क रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। इस दौरान श्री साय ने महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनांतर्गत गर्भवती महिलाओं का गोदभराई संस्कार एवं 06 माह तक के बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया। इस अवसर पर महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों द्वारा समस्त महिलाओं के ओर से मुख्यमंत्री श्री साय को उपहार के साथ सम्मानित करते हुए धन्यवाद दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड एवं सिकल सेल जेनेटिक कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान समूह की महिला के परिजन को पीएम सुरक्षा योजना अंतर्गत 02 लाख का चेक प्रदान कर योजना से लाभान्वित किया गया। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छाग्रहियो को शाल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया। साथ ही पीएम आवास योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री द्वारा हितग्राहियों को खुशियों की चाबी सौंपी गई। कृषि विभाग की योजनांतर्गत मुख्यमंत्री श्री साय केसीसी कार्यक्रम अंतर्गत चेक एवं पीएम फसल बीमा योजना के मेरी पॉलिसी मेरे हाथ अंतर्गत पॉलिसी सर्टिफिकेट प्रदान किया। राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना अंतर्गत हितग्राहीयों को सब्सिडी का चेक, फसल बीमा योजना के तहत हॉर्टिकल्चर के हितग्राहीयों को चेक एवं मत्स्यपालको को आइस बॉक्स एवं जाल का वितरण किया गया। साथ समाज कल्याण विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के तहत लैपटॉप एवं मोटराइज ट्राइसिकल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि करमा महोत्सव को सरगुजा की विशिष्ट पहचान बताया। करमा का पर्व सरगुजा के मिट्टी में रची बसी है। उन्होंने कहा कि करमा पर्व यहां के आदिवासी जनता का प्रकृति से संबंध को प्रदर्शित करता है। महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े ने कहा कि करमा महोत्सव प्राकृतिक धरोहर का अभिन्न अंग है। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण और करम की प्रधानता को उल्लेखित किया। विधायक प्रतापपुर श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते ने कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के स्वागत में अभिनंदन पत्र का वाचन किया। जिसमें उन्होंने कर्मा तिहार कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की उपस्थिति पर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया व क्षेत्र की जनता की ओर से उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के सुशासन से क्षेत्र में बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा आज क्षेत्र ही नहीं अपितु जिले व पूरे प्रदेश का समावेशी विकास हो रहा है।सिलौटा प्रतापपुर ''आदिवासी करमा महातिहार'' कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा- इस आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएं की। उन्होंने इस अवसर पर प्रत्तापपुर में नवीन एसडीएम कार्यालय का निर्माण, चंदोरा जजावल सड़क निर्माण, प्रतापपुर में रेस्ट हाउस निर्माण, प्रतापपुर में बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण एवं प्रतापपुर क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं के लिए चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए फर्स्ट रेफरल यूनिट की सुविधा प्रदान करने की घोषणा की। इस अवसर पर विधायक प्रतापपुर श्रीमती शकुन्तला पोर्ते, प्रेमनगर श्री भूलन सिंह मरावी, सीतापुर रामकुमार टोप्पो, लुण्ड्रा श्री प्रबोध मिंज, सरगुजा श्री राजेश अग्रवाल, सामरी सुश्री उद्धेश्वरी पैकरा,बैकुठपुर श्री भैयालाल रजवाड़े एवं बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन उपस्थित थे।



# राष्ट्रीय कवि संगम के राममोहन शुक्ल अध्यक्ष, रोहित दीक्षित बने महामंत्री

श्याम जी कश्यप-क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद- देश की राष्ट्रव्यापी अखिल भारतीय साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन जयंती व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी व जिला कार्यकारणी गठन समारोह का आयोजन किया गया । रविवार को नगर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ इटावा से आए



प्रवासी अधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी, राष्ट्रीय कवि डाक्टर शिवओम अम्बर डाक्टर,संतोष पाण्डेय, राम अवतार शर्मा इन्दु उमाशंकर वर्मा साहिल आदि ने सरस्वती के समक्ष प्रज्ज्वलित कर किया । इटावा से आए राष्ट्रीय कवि प्रांतीय अध्यक्ष रोहित चौधरी ने फर्रुखाबाद कन्नौज इकाई का के गठन कर जिसमें राम मोहन शुक्ल को अध्यक्ष,राष्ट्रसेवक रोहित दीक्षित को महामंत्री, बनाया गया इसी के साथ अमित त्रिवेदी, अनुराग दीक्षित, स्मृति अग्निहोत्री को उपाध्यक्ष,विशाल श्रीवास्तव प्रियांशु पाण्डेय, दिनेश अवस्थी,मंत्री व डाक्टर शिवओम अम्बर,संतोष पाण्डेय,अनिल प्रताप सिंह,महेश पाल सिंह उपकारी, प्रमोद दीक्षित संरक्षक,राम शंकर अवस्थी ,राम अवतार शर्मा इन्दु, रविन्द्र भदौरिया सुरेन्द्र पाण्डेय मार्गदर्शक, ओम प्रकाश दुबे ओमू एड.वीरेंद्र बाथम एड. विधि सलाहकार,अनुराग पाण्डेय रिंकू मीडिया प्रभारी चुने गए इसी के साथ कन्नौज इकाई में अरविंद बाजपेई अध्यक्ष,कुमार विवेक महामंत्री पुष्पेन्द्र शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया । कार्यक्रम में इटावा से आए राष्ट्रीय कवि रोहित ने कहा की राष्ट्रीय कवि संगम पूरे देश में कविता के माध्यम से राष्ट्र जागरण करने का कार्य करती है, संगठन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति का संरक्षण और राष्ट्रीय चिंतन प्रमुख उद्देश्य है राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल जी के 75वें जन्म दिवस पर पूरे देश में साहित्यिक आयोजन किए जा रहे है। नम्बर माह में दिल्ली में पूरे देश के सभी राज्यों जिलों के कवि पहुचेंगे उन्होंने %जब जब कुल की मर्यादा खूंटी पर टांगी जाती है,खिंची हुई पौरुष से लक्ष्मण रेखा लांघी जाती है।विपरीत धार में तब जीवन की नौका खेनी पड़ती है,जनकनन्दिनी को भी अग्निपरीक्षा देनी पड़ती है पंक्तियां पढ़ीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय कवि डाक्टर शिवओम ने नव गठित कार्यकारणी को शुभकामनाएं दी उन्होंने आचार्य कंचन को नमन करते हुए कहा आचार्य कंचन जनपद का एक अनमोल रतन थे वह आज भी हम सब की स्मृतियों में जीवित है उन्होंने %राम हमारा कर्म, हमारा धर्म,गति है बिना राम के आदर्शों का चर्मोत्कर्ष कहां है,बिना राम के इस भारत में भारत वर्ष कहां है। कन्नौज से आए उमाशंकर वर्मा साहिल ने % मैं अपने गांव का पोखर हूँ सबके काम आता हूँ।समुंदर से भी मिलने की नहीं चाहत मुझे क्योंकि वो मीठा हो नहीं सकता मैं खारा हो नहीं सकता रचना पढ़ी कुमार विवेक ने कहा %राग रागिनी की बरसती फुहार हो। क्रूरता पे संगठित होके प्रहार हो।कोई भी अधर्म हमें तोड़ न सके,भारतीयता का ऐसा संस्कार हो। संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री व भारतेंदु नाट्य अकादमी के सदस्य सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि कंचन जी साधारण जीवन जीने वाले व्यक्ति थे उन्होंने कला और साहित्य के लिए जीवन भर कार्य किया । काव्य गोष्ठी में कवियों ने काव्य पाठ किया । अनुराग पाण्डेय% उमाशंकर वर्मा साहिल ,डॉक्टर संतोष पाण्डेय, राम अवतार शर्मा इन्दु, राम शंकर अवस्थी अबोध जिला मंत्री संभाग अध्यक्ष दिलीप कश्यप निहारिका पटेल,दिनेश अवस्थी, संजीव अगिनहोत्री आदेश दीक्षित, गुड्डु अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, मंटू मिश्रा आदि मौजूद रहें संचालन राम मोहन शुक्ल ने किया

# तहसील अमृतपुर बनती जा रही जंगल व चारों तरफ फैल रही जंगली झाड़ियां अधिकारियों को नहीं कोई फिक्र

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद /अमृतपुर।यदि आपको बढ़ते पौड़ते जंगल देखना हो तो कहीं दूर जाने की जरूरत नहीं जनपद फर्रुखाबाद की तहसील अमृतपुर परिसर में चले आइए और यहां पर आपको तहसील परिसर में चारों तरफ झाड़ियां एवं कटीले वृक्ष से तैयार होता हुआ जंगल दिख जाएगा। जी हां हम बात कर रहे हैं तहसील अमृतपुर के परिसर के अंदर की जहां स्वच्छता एवं सफाई के नाम पर आपको कहीं भी कुछ दिखाई नहीं पड़ेगा बल्कि जिधर देखो झाड़ियां, कूड़े के ढेर, तहसील परिसर की इमारत पर गुटका खाकर थूके हुए निशान , तहसील परिसर में ही छुट्टा गोवंश, जगह-जगह भरा हुआ पानी इन सबके अलावा अमृतपुर तहसील परिसर में आपको कुछ भी देखने को नहीं मिलेगा। यह स्थिति तब और विचारणीय हो जाती है जब केंद्र की मोदी सरकार एवं प्रदेश की योगी सरकार द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा चलाया जा चुका है और जनपद से लेकर विभिन्न कार्यालयों तक स्वयं अधिकारी हाथ में झाड़ू लेकर सफाई कर चुके हैं उसके बाद भी तहसील अमृतपुर की स्थिति नहीं सुधर पा रही है। सफाई व्यवस्था को लेकर अधिकारियों में बिल्कुल भी संजीदगी देखने को नहीं मिल पा रही है। तहसील परिसर में तहसील के दो वरिष्ठ अधिकारियों की नाक के नीचे चारों तरफ झाड़ियों के उगने से जंगल, पौंडती हुई घास, कूड़े के ढेर स्वयं ही तहसील परिसर की दुर्दशा बयां कर रहे हैं। यह तहसील अमृतपुर परिसर का दुर्भाग्य ही होगा कि इस स्वच्छता पखवाड़े में भी तहसील परिसर की सही ढंग से सफाई नहीं कराई जा सकी। तहसील परिसर के दोनों वरिष्ठ अधिकारी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार जबकि दोनों ही तहसील में ही रात्रि निवास करते हैं उसके बावजूद दोनों अधिकारियों के आवास की तरफ भी इतनी बड़ी-बड़ी झाड़ियां घास उगी है कि उनको देखकर लगता है शायद सफाई से इन दोनों ही अधिकारियों को एवं प्रशासन को कोई



मतलब नहीं। उप जिलाधिकारी आवास एवं तहसीलदार आवास के सामने भी खुलेआम छुट्टा गोवंश विचरण कर रहे हैं तो पुलिस चौकी तहसील सहित चारों ओर घास कटीले वृक्ष झाड़ियां देखकर मन में एक ही विचार उत्पन्न हो जाता है कि क्या इस तहसील परिसर की इस दुर्दशा का निवारण करने वाला कोई नहीं? जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर एवं उन पर पड़ी शराब की बोतलें - तहसील परिसर में वकीलों के विस्तरों के आसपास कई जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। उप जिलाधिकारी कार्यालय के पास से बनी सीढ़ियों के नीचे कूड़े के ढेर लगे हैं जो शायद कई कई दिन तक ऐसे ही लगे रहते हैं। दिलचस्प बात तो यह है कि इन कूड़े के ढेरों पर जगह-जगह आपको शराब की एवं बियर की बोतलें पड़ी हुई दिख जाएगी। शराब एवं बियर की बोतलों को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि तहसील परिसर में ही शायद शाम को शराब की महफिल सजाई जाती हो। बीते समय में समाचार पत्रों के माध्यम से और मौखिक रूप से भी सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का मामला उठ चुका है परंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। जब तहसील परिसर के अंदर ही इतनी अधिक गंदगी फैली है तो इससे यह अंदाजा लगा लीजिए की संचारी रोग से निवारण एवं स्वच्छता अभियान का जो नर अधिकारियों द्वारा लगाया जाता है वह विभिन्न ग्राम पंचायत के अंदर कैसे अमल में लाया जाता होगा। शौचालयों में फैली गंदगी, बदबू से बैठना भी दुश्वार -तहसील में उप जिलाधिकारी ऑफिस एवं तहसीलदार ऑफिस के पास अलग-अलग दो शौचालय बनाए गए हैं जिनमें शायद ही कभी सफाई की जाती हो। दोनों शौचायलयों के पास ही उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के सिक्योरिटी जवान बैठते हैं। शौचायलयों के पास से गुजरने वाले लोगों को भी बदबू का सामना करना पड़ता है परंतु शायद उसे देखने वाला कोई नहीं। दूसरी तरफ शौचायलयों के गंदे होने से जिधर देखो उधर खुले में ही लोग खड़े होकर लघु शंका करने लगे हैं जिससे तहसील परिसर में और भी गंदगी बढ़ती जा रही है। तहसील परिसर की दीवारों पर गुटखा खाकर थूकते लोग - तहसील परिसर में तहसील सभागार कक्ष के बिल्कुल सामने अभिलेख ही कार्यालय है जिसकी दीवारों पर भी गुटखा खाकर थूकने से लोगों ने परहेज नहीं किया है। गजब तो यह है कि जहां पर उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदार के सुरक्षाकर्मी बैठते हैं वहां पर सीढ़ियों एवं दीवारों पर सिर्फ गुटखा खाकर थूके हुए ही निशान मिलेंगे। तहसील परिसर में दो भवन हो रहे खंडहर -तहसील परिसर में पूर्ति निरीक्षक कार्यालय से तहसील विद्युत फीडर की तरफ जाने वाले रास्ते में दो कक्ष बने हैं जिनका शायद ही कभी उपयोग किया गया हो। लाखों रुपए की लागत से बने यह दोनों कक्ष खंडहर होते जा रहे हैं जिनको देखने वाला कोई नहीं। तहसील परिसर के सफाई कर्मी महीना तक नहीं उठाते कूड़ा - तहसील अमृतपुर के वकील, विनोद प्रकाश द्विवेदी, अनुराग शुक्ला शेट्टी, कमलेश पांडेय ,गोपाल अवस्थी, हिमांशु अवस्थी, दीपक मिश्रा, रोशन अवस्थी, शिवओम मिश्रा ,अमरजीत सिंह आदि का कहना है कि तहसील परिसर में सफाई व्यवस्था बिलकुल जीरो है। अधिवक्ताओं के बिस्तर के आगे कूड़े के ढेर महीनों महीनों तक लगा दिए जाते हैं जिनको प्रतिदिन उठना भी मुनासिब नहीं समझा जाता। तहसील परिसर में फैली गंदगी को देखकर मन द्रवित हो जाता है परंतु पता नहीं क्यों अधिकारी स्पष्ट रूप से निर्देश क्यों नहीं देते कि नियमित तौर पर तहसील परिसर की सफाई व्यवस्था की जाए और इसको साफ स्वच्छ रखा जाए।

# ग्राम देवगांव में शेरा बाली दुर्गा पीठ मंदिर में हुए भंडारे में लोगों ने किया प्रसाद ग्रहण

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

कोंच( जालौन ) ग्राम देवगांव में मां शेरा बाली दुर्गा पीठ मंदिर में नवरात्र की तेरस को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय लोगों सहित आसपास लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया



स्थानीय कमेटी अध्यक्ष शालू बुंदेला अमित कुशवाहा रवि राठौर ने बताया कि स्थानीय मुहल्लेवासियों की ओर से पहली वर्ष मंदिर पर नवरात्रि में भंडारा किया जा रहा है उन्होंने बताया की शारदीय नवरात्रि में पहली वर्ष मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुहल्ले बासी सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि पहली बार देवी मां की मूर्ति विसर्जन हो जाने के बाद भंडारे का आयोजन किया जा रहा है सर्वप्रथम ग्राम के मंदिर में जो विराजमान मां शेरा बाली दुर्गा पीठ माता को भोग लगाया गया इसके बाद कन्या पूजन किया गया। दोपहर 2 बजे से भंडारा लोगों के लिए खोल दिया गया जो देर रात तक जारी रहा भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर महामाई के जयकारे लगाए इस विशाल भंडारे के कार्यक्रम को सफल बनाने में नितिन पटेल अनुज कुशवाहा पंडा दीवान कुशवाहा सौरभ पटेल प्रहलाद पटेल भोला प्रजापति सुमित पंडित मुन्ना पटेल आदि व्यवस्था में लगे रहे।

# अमर चन्द्र इंटर कालेज से मोटर साइकिल चोरी, मोटर साइकिल का लॉक तोड़कर चोरी

क्यूँ न लिखूँ सच -पवन कुमार

कोंच( जालौन ) नगर के मोहल्ला आजाद नगर निवासी मोहम्मद सोएब पुत्र मोहम्मद ने कोतवाली मे प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया है की दिनांक बारह अक्टुबर को प्रार्थी के बड़े पापा के लड़के का प्रोग्राम था जिस प्रोग्राम गहोइ भवन मे वह भी गया था प्रार्थी ने अपनी मोटर साइकिल लेकर आया था जिसका नम्बर यूपी 92 आर 7196 इसप्रेंडर पिरो है जो सात बजे रात को अमर चन्द्र इंटर कालेज मे अंदर पार्किंग मे खड़ी कर दी थी और वह खाना खाने प्रोग्राम मे शामिल होने चला गया जब वह वापिस करीबन नो बजे रात को आया तो वहाँ पर मोटर साइकिल गायब मिली मेरी मोटर साइकिल को अज्ञात चोर चोरी कर ले गये उसने मोटर साइकिल को खोज बीन कर जान कारी की मगर वह नही मिली उसने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की गुहार लगाई हैं

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला व्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# दुकानदार की युवती से की छेड़खानी

क्यूँ न लिखूँ सच -अरविंद शुक्ला

फर्रुखाबाद/मेरापुर साथी सहित दुकानदार ने घर में घुसकर बदनियति से युवती के साथ छेड़खानी की। थाना मेरापुर के ग्राम जरहरी निवासी पीड़ित पिता ने गांव के सौरभ यादव एवं कोकापुर निवासी राजू यादव पुत्र रामवीर के विरुद्ध घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्रामीण अपनी पत्नी के साथ कायमगंज गया था। जब वह पत्नी के साथ समय करीब 1 बजे घर पर वापस आया तब 18 वर्षीय पुत्री ने बताया कि सामने जो सौरभ यादव की मोबाइल की दुकान है उसी दुकान पर कोकापुर गांव का रहने वाला लड़का राजू यादव पुत्र रामवीर भी बैठा था। जैसे ही मैं घर के अन्दर से बाहर गेट पर आयी तो राजू यादव मेरे पास गेट पर आया। जबरन मुझे धक्का मारकर घर के अंदर घुस आया। अन्दर घुसते ही राजू ने मेरा हाथ पकडकर बदनियती से मेरे साथ जबरन छेडछाड करने लगा। मेरे चिल्लाने पर घर के अन्दर सो रहे छोटे भाई ने विरोध किया, तो राजू यादव हमलावर हो गया। भाई को गाली गलौज कर मुक्का व थप्पड से मारने लगा। मेरे बचाने पर राजू यादव ने मेरे साथ भी मारपीट की। तभी दुकान पर बैठा सौरभ यादव भी घर के अन्दर जबरन घुस आया। जिसने मेरे और भाई के साथ मारपीट की। मेरा मोबाइल भी जमीन पर पटक कर तोड दिया। दोनो को जान से मारने की धमकी देकर राजू यादव को छुडाकर घर के अन्दर से बाहर भाग गया। मेरी पुत्री एवं पुत्र द्वारा यह बात जब मुझे बताई गई, तब मैने आसपास एवं गांव के लोगों से भी जानकारी की। तो गांव के वृन्दावन, मुन्नू एवं राजू आदि लोगो ने भी मुझे बताया कि राजू ने मेरी पुत्री के साथ छेडछाड की है और अपने दोस्त सौरभ यादव के साथ मेरे घर में घुस कर मेरी पुत्री एवं पुत्र के साथ मारपीट भी की है।

# ग्राम फुलेला मे भंडारे का आयोजन गाँव के लोग भक्ति भाव से पूजा हुई

क्यूँ न लिखूँ सच -राजेंद्र विश्वकर्मा

कोंच( जालौन ) ग्राम फुलैला में माँ दुर्गा माता मंदिर में नवरात्र की दशमी को बड़े धूमधाम से नगर भ्रमण किया गया व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम के लोगों सहित आसपास लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया स्थानीय मंदिर समिति के अध्यक्ष कलू लंबरदार रामकुमार पट्टीदार कुवर साहब पटेल व दीपक पटेल ने बताया कि स्थानीय मुहल्लेवासियों की ओर से हर वर्ष मंदिर पर नवरात्रि के समय देवी माता का मंदिर सजाया जाता है उन्होंने बताया बड़ी धूम धाम से नो दिनों पूजा अर्चना की जाती है और शारदीय नवरात्रि में हर वर्ष भंडारा का आयोजन भी किया जाता है जिसमें ग्रामीण लोग सहयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि यह कई वर्षों से होता आ रहा है सर्वप्रथम मंदिर में विराजमान दुर्गा माता की पूजा अर्चना होती है इसके बाद माता का रथ ग्राम की ओर बढ़ता है इसके बाद ग्राम में दीपू तिवारी व भगवान सिंह कुशवाहा के घर के सामने भंडारा लोगों के लिए खोल दिया जाता है जो देर रात तक जारी रहता है भंडारे में सैकड़ों माताएं बहनें भाई बंधु प्रसाद ग्रहण कर महामाई का गुणगान करते है इस दौरान ग्राम के कमेटी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वीरेंद्र सिंह पटेल लल्ला पप्पू तिवारी शैलेंद्र सिंह ग्राम प्रधान फुलैला मिस्टर लंबरदार सुमित पटेल दिवाशु यागिक गोलू पटेल छोटू पटेल हेमंत शाहू राजा पटेल मनीष कुशवाहा दिवाकर पटेल शिवम कुशवाहा राघवेंद्र कुशवाहा धीरज झा मोनू अहिरवार सोनू रवा वाले मुकेश अहिर वार हल्के अहिर वार रोहित अहिरवार चंद्र शेखर अहिरवारआदि व्यवस्था में लगे रहे।

# 'सड़क सुरक्षा पखबाड़ा'' कार्यक्रम के अन्तर्गत मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल, झाँसी रोड उरई, में सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के साथ-साथ मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच -नीरज कुमार

उरई - परिवहन विभाग, पुलिस, यातायात पुलिस एवम् मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल उरई के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम में गुडसेमेरिटन पुरस्कार से पुरस्कृत समाजसेवी अब्दुल अलीम खान व डा0 ममता स्वर्णकार की अहम भूमिका रही। रजनीश सिंह, प्राचार्य मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल द्वारा बच्चों को महिला सशक्तिकरण एवम् सड़क सुरक्षा की प्रस्तावना से अवगत कराया गया व सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को जागरुक किया गया। महिला थानाध्यक्ष




उमा सैनी द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित सभी जनों को अपने ओजस्वी विचारधारा का परिचय देते हुए बालिकाओं को अपनी सुरक्षा हेतु प्रशासनिक सहायता के साथ-साथ स्वयं सावधान व सजग रहने की प्रेरणा देते हुए महिला सशक्तिकरण व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन व महिला सहायता हेल्पलाइन नम्बरों ( यथा- 102, 108, 112, 181, 1076, 1090, 1098 ) के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी व सड़क सुरक्षा के नियमों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी जनों को जागरुक किया गया। वीर बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी द्वारा उपस्थित सभी जनों को यातायात नियमों के बारें में जानकारी दी गयी तथा शहर के विभिन्न चैराहों पर लगी यातायात सांकेतिक बत्तियों के बारे में जानकारी देते हुए जागरुक किया गया। कुमार अभिषेक, थानाध्यक्ष द्वारा बच्चों को सुरक्षा के साथ-साथ जागरुक रहने तथा जागरुकता फैलाने में अपना योगदान देने की बात कही व राजेन्द्र नगर चैकी प्रभारी शैलेन्द्र सिंह द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों पर अपने विचार प्रकट करते हुए बच्चों को जागरुक किया गया व सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। शारीरिक शिक्षका रेश्मा जी द्वारा बालिकाओं को अपनी सुरक्षा हेतु शारीरिक क्रियायें व गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। मॉर्निंग स्टार पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं को अन्त में श्री राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ( प्रवर्तन-। ) द्वारा बच्चों को सड़क पर सावधानी से चलने व वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग करने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने, सड़क पर लगे यातायात सांकेतिक चिन्हों का पालन करने, वाहन को तीव्र गति से न चलाने, वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरान्त, आवश्यक चालक लाइसेंस प्राप्त करने के बाद ही छात्र-छात्रायें को दो पहिया/चार पहिया वाहन का संचालन करने हेतु प्रेरित करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशासन के अधिकारी/कर्मचारियों, विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारीगणों के साथ-साथ उपस्थित छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलवाई गयी।

# The dead body is taken out by digging the grave, then dressed in new clothes and given to smoke a cigarette… have you ever heard of such a ritual?


The funeral rituals of the Toraja tribe living on the Indonesian island of Sulawesi are very unique. Every few years, the family members take out the skeleton of the deceased, clean it, dress it in new clothes and also give him a cigarette to smoke. They believe that this pleases



the soul of the deceased and he protects the family. Every country, every culture has its own unique traditions and beliefs. A community in Indonesia takes out their loved ones from the grave at regular intervals. It is believed that this process pleases the soul of the deceased and blesses the family. Have you ever wondered what happens after death? Let us tell you, in different corners of the world, people answer this question in different ways (Strange Funeral Rituals). The people of the Toraja tribe living on the Indonesian island of Sulawesi consider death as another chapter of life. They love their dead so much that they take care of them even after their death. Yes, you will be surprised to know that the people of this tribe take their ancestors out of the grave and dress them in new clothes and also talk to them. They believe that the souls of the dead are still with them and see them. This process is called 'Manene' (Unique Burial Practices In Indonesia). Let us tell you, this is an annual festival in which people of the whole community together honor their ancestors. Unique tradition of living with the dead - In Indonesia, the people of the Toraja tribe take their dead out of the grave and dress them in new clothes and also talk to them. They believe that the souls of the dead are still with them and see them. This process is called 'Manene'. This is an annual festival in which people of the whole community together honor their ancestors. Now you must be wondering why these people do this? In such a situation, let us tell you that the Toraja people believe that until the funeral ritual is completed, the soul of the deceased does not completely depart from this world, so they want to stay with their loved ones for a long time. Unique way to connect with ancestors- Imagine, you are on the island of Sulawesi in Indonesia. It is the month of August and you see a strange sight. People are opening graves and taking out skeletons from them. These skeletons are clean, wearing new clothes and then people are bathing them and feeding them food and drink and then also giving cigarettes in the hands of these corpses! Yes, behind this ritual is their belief that life continues even after death and in this way they remain connected with their ancestors. Celebrate with enthusiasm every year- After this celebration, they clean the graves and bury the dead again. This ritual is repeated every year. They take special care to preserve the dead bodies. The bodies of people who have died recently are kept at home for several months. People are very excited during this festival, dance and sing and sacrifice animals ranging from buffaloes to pigs. Rich people sacrifice more animals. Sometimes up to a hundred pigs and ten buffaloes are sacrificed. The sacrificial meat is fed to all the guests. Surprisingly, small children are buried in hollow trees.

# Be careful! Excessive use of mobile-laptop is weakening your bones, protect yourself in 5 ways

Nowadays there is a smartphone in every hand, from children to the elderly, everyone is trapped in the web of electronic gadgets (Excessive Screen Time). Let us tell you that sitting in the same posture for a long time puts pressure on the spine, which can cause not only back pain but also spinal problems. Let us tell you in this article how to prevent this. Excessive use of electronic gadgets makes our neck bend forward. Today many people are facing problems like insomnia, stress and anxiety. It is also very important to take care of eye protection while using gadgets. The digital age has changed our lives in many ways. Electronic gadgets like smartphones, tablets and laptops (Gadget Addiction) have now become an important part of everyone's life. From children to the elderly, everyone is using these gadgets. Social media, gaming and streaming services have attracted us more towards these gadgets, but do you know how big a problem their excessive use (Excessive Screen Time) can become for your health? Especially people between the ages of 20 and 40 who spend most of the day with these gadgets. Let us tell you, back pain, neck pain and spinal problems (Weak Bones) are increasing rapidly in such people. Let us know in this article how this habit is damaging your bones and what methods you can adopt to prevent it. Connection between electronic gadgets and weak bones-Many researches show that there has



been a tremendous increase of 50% in back and spinal problems among people between 20 and 40 years of age, which is directly related to excessive use of gadgets. Obviously, the more we are becoming dependent on digital devices, the faster our spinal cord is also getting affected. Ignoring this problem can lead to problems like neck pain, stiffness in shoulders, headache and lack of physical activity. Doctors also say that most of the patients coming to the hospital are suffering from neck and back pain due to excessive use of mobile-laptop. Problems caused by excessive screen time- Problems like neck stiffness, shoulder pain and headache have become common due to spending continuous hours in front of the screen. Using mobile while traveling or sitting bent over the laptop during work, sitting in the wrong posture or staying in the same position for a long time is becoming a major cause of back pain. When we look at the screen by bending the neck, there is excessive pressure on the neck, back and spine. In normal position, the neck and back are straight but constant bending puts stress on the spine. Take care of the spine like this- It is very important to keep the spine healthy. For this, we should take some precautions. Weightlifting, yoga, meditation, stretching and cardio exercises should be done regularly. This keeps the spine flexible and strong. We should avoid using electronic gadgets for a long time and give up the habit of bending forward while sitting. It is very important to sit in the right posture. Along with this, you can keep your bones healthy by using a good quality chair. Office job and back pain- In today's busy life, most people work sitting for hours in the office. Spinal problems have become common due to sitting in the same posture continuously. According to doctors, back and spinal problems have increased by 50% among people aged 20 to 50 years. Therefore, we should take small breaks during work and keep our sitting position correct. Regular stretching is also very important. This strengthens the back muscles and relieves pain.

# Excess or less weight can be the cause of infertility, keep these 4 things in mind

Do you know that your weight also affects your fertility? Being underweight or overweight causes some changes in the body which can cause infertility or miscarriage in women. Let us know from the doctor about how weight affects fertility and what to do to avoid this problem (Infertility Prevention Tips). Fertility in women is affected due to high or low BMI. Many abnormal changes start happening in the body due to low or high BMI. Women should take special care of their weight before conceiving. BMI (Body Mass Index) is a way of measuring the ratio of a person's weight and height. It helps in estimating the fat percentage of a person's body. Although BMI is not an indicator of any healthy person being healthy or unhealthy, it definitely affects fertility (Obesity and Underweight Impact). Especially in women (female infertility causes). To get more information about this, we spoke to Dr. Aastha Dayal (Director of Gynecology and Obstetrics Department, CK Birla Hospital, Gurugram). Let's know what she told about this. Dr. Dayal says that having low or high BMI can increase the chances of infertility or miscarriage. According to many studies, women whose BMI is outside the normal range (18.5-24.9) may have problems conceiving. Problems caused by high BMI- Hormonal imbalance- Obesity affects the levels of hormones such as testosterone in men and estrogen and progesterone in women. These hormones are necessary for reproduction. Ovary problems- Conditions such as polycystic ovary syndrome (PCOS), which are often associated with obesity, can cause irregular periods and ovulation problems. Inflammation in the body- Obesity can increase inflammation in the body, which can affect the health of eggs and sperms. Problems during pregnancy- Obesity can increase the risk of high blood pressure, gestational diabetes



and preeclampsia during pregnancy. Problems caused by low BMI- Irregular periods- Underweight women often have irregular periods, which can lead to ovulation problems. Nutrient deficiencies- Underweight women may lack iron, vitamin D, and other essential nutrients that are necessary for reproductive health. Risk of miscarriage- Underweight women are at a higher risk of miscarriage. What to do to prevent this? Healthy diet- Include all types of healthy foods in your diet, such as whole grains, fruits, vegetables, lean protein, healthy fats, milk, yogurt, etc. This will help in achieving the right weight and also improve fertility. Regular exercise- Regular exercise benefits overall health, including reproductive health. Also, exercise is important to gain muscle or lose weight. This helps in maintaining a healthy weight. Stress management- Hormonal imbalance can occur due to increased stress. This can increase fertility. So do yoga and meditation. This helps in reducing stress. Consult a doctor- If you are having trouble maintaining a healthy weight, then it is beneficial to consult a doctor. He can suggest special diet and exercise for you. With the help of these tips, women can increase the chances of conceiving and these also help in healthy pregnancy.


# Aamir Khan will pair up with Rajinikanth after 30 years, joined hands for this film

At present, South cinema's veteran actor Rajinikanth is in the news for the film Vettaiyan. Which is making a lot of noise in the theaters. Meanwhile, big news is coming out about one of his upcoming movies which is related to Aamir Khan. It is being told that after 30 years he will be seen working with Rajinikanth. Rajinikanth and Aamir Khan will return together Both actors will be seen in this movie - Rajinikanth in the news for Vettaiyan Who doesn't know veteran actor Rajinikanth, who has served in the film world as an actor for almost 5 decades. There is a tremendous craze among the fans about his films, which you can easily guess through the success of his recent release Vettaiyan. Meanwhile, big news is coming out about Rajinikanth's next film, in which it has been told that Bollywood superstar Aamir Khan will be seen sharing the screen with him after 3 decades. Let's know which is that film and in which film these two superstars were last seen. Aamir joined hands for this film - There has been a buzz in the film circles for a long time that actor Aamir Khan was being contacted for Rajinikanth's upcoming film Coolie. Preparations are going on in full swing for this film of director Lokesh Kanagaraj, who made masterpiece films like Master. According to the news of Deccan Herald, Aamir has agreed to work in Rajinikanth's Coolie. The Bollywood superstar is ready for his cameo role in this action thriller film and after some time he will also start shooting for it. Although, his cameo role is going to be very small, but it will be twice as explosive. A close source associated with the film has given this information. If this happens, then it is definitely going to be a big surprise for the cinema lovers, which will be enough to create a lot of buzz in the cinemas. Let us tell you that Nagarjuna, Shruti Haasan and Sathyaraj will also be seen in important roles in Lokesh Kanagaraj's Coolie movie. He was seen in this movie 30 years ago - Rajinikanth's multi-starrer film Coolie will be released on the big screen next year. Its teaser and posters have already come out. It is known that through this movie, the pair of Aamir Khan and Rajinikanth will be seen together in a film after 30 years. Earlier, these two superstars were seen together in the 1995 film Aatank Hi Aatank. Which was highly appreciated by the audience and critics. Now it will be interesting to see what wonders Coolie will show in the coming time.




# Oviya's hotness fails in front of these pictures of Poonam Pandey, she owns property worth so many crores in net worth

There is no dearth of hot and happening actresses in the glamour industry. Among all the bold actresses, Poonam Pandey's name remains on top in this list. Poonam Pandey is once again in the news. Earlier, the actress has made headlines by spreading false news of her death and giving a statement of coming live and taking off her clothes. Poonam Pandey is famous for her bold acts. She had talked about coming live and taking off her clothes. Poonam Pandey is the owner of property worth crores. Poonam Pandey, famous for her excessively bold acts, is once again in the limelight. The actress keeps making headlines sometimes for her clothes, and sometimes for her statements. A few months ago, she had posted a false news of her death from cancer on social media. Now the actress is once again in the news. Poonam Pandey is a well-known name in the glamour world. Apart from acting, she has also worked as a model. Apart from this, she has also been a part of some reality shows. Poonam Pandey came into notice from calendar photoshoot- Born on March 11, 1991 in Kanpur, Poonam Pandey always wanted to become an actress. She first came into notice when her calendar photoshoot went viral in 2011. However, she was still waiting for that recognition when people would talk about her. During the World Cup in 2011, Poonam had announced that if Team India wins, she will come in front of the camera and strip. That is, she will take off her clothes. Team India won and Poonam came in front of the camera and took off her stole. The actress had said that BCCI did not allow her to do so. Poonam may not have got permission to do so, but it definitely gave her the fame she needed. She gives competition to Oviya in hotness- Recently an MMS is going viral, about which it is being claimed that it is of Tamil actress Oviya. If we look at Poonam Pandey's hotness in front of Oviya's hotness, then the 'Lockup' contestant is far ahead of her. Poonam has an amazing car collection - According to the report of Jagran English, Poonam Pandey has a collection of many cars. She has a Mercedes E car and BMW 5 series. Apart from this, she is also the owner of a luxurious apartment in Mumbai. Poonam Pandey Schooling Poonam Pandey has studied from Little Flower School. At the same time, the actress has a graduation degree in Sociology and Event Management. Poonam Pandey's Net Worth Poonam Pandey is no less than any Bollywood star in terms of earnings. Apart from acting and modeling, she also earns through social media posts. Her total net worth is said to be 83 crores. She was last seen in Kangana Ranaut's 'Lockup'.



# Dussehra will be full of full on entertainment on OTT, these films and web series are being released

OTT Release On Dussehra In the festive season, the process of releasing movies continues on OTT platforms along with theaters. To double the dose of entertainment, this time along with films, web series are going to be streamed on OTT. Let us know which films and series are being released on OTT on the occasion of Dussehra. There will be a fair of films on OTT as well These movies will give you fun sitting at home on the festival of Dussehra - Weekend will also be fun through web series. People now get complete entertainment on mobile while sitting at home. Spend money once and get entertainment for the whole month. Like every week, this weekend is going to continue the process of releasing films and web series on OTT. But this time keeping in mind Dussehra (OTT Release On Dussehra), movies and many web series released two months ago on the big screen will be streamed as entertainment. On this basis, in this article, let us take a look at the list of those films and series, which are ready to be released on different OTT platforms this week or have been streamed online. There will be a blast on OTT on the occasion of Dussehra - It is often seen that big films are released in theaters on the basis of the festive season. Similarly, on the basis of the growing trend of OTT, many latest movies and web series are also streamed online. This is going to be seen happening on the occasion of Dussehra as well, because the caravan of release of films on OTT has started even before the festival of Vijayadashami on October 12. Let us know which films are knocking on OTT on the occasion of the festival. Some of these films also include movies of your favorite superstars from Akshay Kumar to Shraddha Kapoor and John, so let's take a quick look so that you don't miss anything. List of latest OTT releasesList of latest OTT releases Name Film/Web Series Release Date OTT Platform Khel Khel Mein Film 10 October Netflix Veda Film 10 October Zee5 Stree 2 Film 11 October Prime Video Lonely Planet Film 11 October Netflix Raat Jawan Hai Web Series 11 October Sony Liv Poolman Film 11 October Lionsgate Play Vaazhai Film 11 October Disney Plus Hotstar Sarfira Film 11 October Disney Plus Hotstar Mathu Vadalara Film 11 October NetflixIt is worth noting that these movies are available in different languages ??from Hindi cinema to South Cinema, which you can easily enjoy on OTT. Let us tell you that Stree 2 is being streamed for free as a subscription on Prime Video instead of rent format.

